संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

# दैनिक घटती घटना

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक-173 गुरूवार, 25 अप्रैल 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये












# देश की सम्पत्ति को लूटना कांग्रेस अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझती है...

## जब हम विकसित भारत की बात करते हैं तो कांग्रेस और दुनिया में बैठी कुछ ताकतों का माथा गरम हो जाता है...

-संवाददाता-

**अंबिकापुर,24 अप्रैल 2024(ए)।** पीजी कॉलेज मैदान में पीएम मोदी ने कांग्रेस के घोषणा पत्र सहित भ्रष्टाचार, नक्सलवाद,आतंकवाद को लेकर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के इरादे नेक नहीं हैं। वह हिंसा करने वालों का समर्थन करती है। वह आपकी जमा पूंजी व संपत्ति का बंटवारा चाहती है। ऐसे लोगों को सबक सिखाना है। आपका एक-एक वोट आशीर्वाद के रूप में देश को विकसित बनाने की दिशा में काम करेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस इस मुद्दे पर अपनी स्थिति स्पष्ट करें कि क्या वह पित्रोदा के बयान से सहमत हैं? कांग्रेस अगर पित्रोदा की राय से इत्तेफाक नहीं रखती है तो उसे अपने घोषणा पत्र से इस मुद्दे को वापस लेना चाहिए। मोदी ने कहा कि पित्रोदा का बयान कांग्रेस का मकसद साफ तौर पर जाहिर कर रहा है कि कांग्रेस देश की जनता की निजी संपत्ति का सर्वे कर निजी संपत्ति को सरकारी खजाने में डालना चाहती है और देश के संसाधन पर सबसे पहला अधिकार माइनॉरिटी और उसमें भी मुस्लिम लोगों का है की मंशा को पूरी करते हुए इसका बँटवारा करना चाहती है। मोदी ने कहा कि पित्रोदा ने अमेरिकी कानून भारत में लागू करके देशवासियों की सम्पत्ति हड़पना चाहती है। अब कांग्रेस या तो स्वीकार करे कि उसका मकसद वही है जो पित्रोदा ने कहा है, या फिर देश से माफी मांगकर इस मुद्दे को अपने घोषणापत्र से वापस ले। छत्तीसगढ़ की जनता-जनार्दन कांग्रेस की इस बदनीयती को अच्छी तरह भाँप रही है और कांग्रेस दो टूक बता देगी कि देश के संसाधनों पर सबसे पहला अधिकार देश के गरीबों, दलितों,आदिवासियों और पिछड़े वर्ग का है। श्री मोदी ने कहा कि सरकार में आने पर कांग्रेस की सरकार माताओं-बहनों के सोना-चांदी का हिसाब करेगी और जाँच करेगी, और फिर वह सम्पत्ति उनको बाँट देगी, जिनके ज्यादा बच्चे हैं, उनको बाँटने की बात कह रही है, घुसपैठियों को बाँटने की बात कह रही है। अपनी मेहनत की कमाई का पैसा घुसपैठियों को दिया जाना देशवासियों को कतई मंजूर नहीं होगा। यह कांग्रेस की अर्बन नक्सली सोच है। परिवारवादी लोगों ने देश के लोगों को लूटकर अपना आर्थिक साम्राज्य बना लिया है और अब उनकी नजर देशवासियों की सम्पत्ति पर पड़ गई है। देश की सम्पत्ति को लूटना कांग्रेस अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझती है।

### लाल किला बनाये जाने पर हुआ था विरोध

प्रधानमंत्री ने पुरानी यादों को जनता-जनार्दन के साथ साझा करते हुए कहा कि भाजपा ने जब उन्हें प्रधानमंत्री पद का दावेदार बनाया तो अंबिकापुर में लाल किला बनाया था। कांग्रेस के ईको सिस्टम है, जो आए दिन मोदी पर हमला करने के लिए जगह ढूंढते रहते हैं, उस पूरी टोली ने हमला बोल दिया था कि ये लालकिला कैसे बनाया जा सकता है? अभी तो प्रधानमंत्री का चुनाव बाकी है। ये लाल किला का दृश्य बनाकर वहां से सभा होने पर तूफान मचा दिया था। लेकिन सरगुजा और छत्तीसगढ़वासियों की सोच के कारण मोदी लाल किले तक पहुंचा और राष्ट्र को संदेश दिया और आज फिर अंबिकापुर क्षेत्र की जनता से आशीर्वाद मांगने आया है। मोदी ने कहा कि अभी कुछ महीने पहले मैंने आपसे छत्तीसगढ़ से कांग्रेस के भ्रष्टाचारी पंजे को हटाने आशीर्वाद मांगा था और आप लोगों ने इसका मान रखा और सरगुजा से भ्रष्टाचारी पंजे को साफ कर दिया। आज आप लोगों के आशीर्वाद से सरगुजा आदिवासी समाज की संतान छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के रूप में छत्तीसगढ़ के सपनों को साकार कर रही है।

### कांग्रेस और इंडी गठबंधन चाहती है कमजोर सरकार

जब हम विकसित भारत की बात करते हैं तो कांग्रेस और दुनिया में बैठी कुछ ताकतों का माथा गरम हो जाता है। इसलिए वह भारत में कांग्रेस और इंडी गठबंधन की कमजोर सरकार चाहते हैं। ऐसी कांग्रेस सरकार जो आपस में ही लड़ती है, घोटाले करती रही है। श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास सत्ता की लालच में देश को तबाह करने का रहा है। देश में आंतवाद फैला, नक्सलवाद बढ़ा। कांग्रेस के कुशासन और लापरवाही से देश बर्बाद होता गया। भाजपा सरकार आतंकवाद और नक्सलवाद पर कड़ी कार्रवाई कर रही है। कांग्रेस हिंसा फैलाने वालों का समर्थन कर रही है। इतना ही नहीं, जो लोग निर्दोषों को मारते हैं, लोगों का जीना हराम करते हैं, अगर वो मारे जाएँ तो ऐसे लोगों को शहीद बताते हैं। अगर ऐसा करते हैं तो वे देश के शहीदों, वीरों का अपमान करते हैं। इसी कांग्रेस की एक बड़ी नेता आतंकवादियों के मारे जाने पर आंसू बहाती हैं। ऐसी ही करतूतों के कारण कांग्रेस देश का भरोसा खो चुकी है।




## कांग्रेस की भूपेश बघेल की सिंगल इंजन की सरकार थी : रामविचार



कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि सरगुजा लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी चिंतामणि महाराज सबकी चिंता दूर करने वाले हैं। सरगुजा की जनता ने मोदीजी की गारंटी पर विश्वास जताया और सभी सीटें भारतीय जनता पार्टी को जिताकर दी। आज छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरगुजा संभाग से आते हैं और देश के इतिहास में पहली बार आदिवासी समाज से मुख्यमंत्री और देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति पर आदिवासी महिला बैठी है यह सब भारतीय जनता पार्टी में ही संभव हो सकता है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की भूपेश बघेल की सिंगल इंजन की सरकार थी। गोबर, रेत , कोयला सब खा गयी। छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनते ही मोदी जी की गारंटी पूरी हो रही है। गरीबों की चिंता करने वाले कोई है तो वह नरेंद्र मोदी हैं, आदिवासियों की सुरक्षा करने वाले, आतंकियों की नाक में नकेल कसने वाले, 500 साल बाद अयोध्या में भव्य रामलला का मंदिर बनाने वाले, काशी विश्वनाथ और महाकाल मंदिर का कॉरीडोर बनाने वाले, काश्मीर से धारा 370 समाप्त कराने वाले, जन-धन खाता खुलवाने और तरह तरह की जनकल्याणकारी योजनाएं चलाने वाले मोदी जी ही हैं। घर घर नल से जल के बाद पाइप लाइन से गैस पहुंचायी जाएगी। 70 साल से अधिक आयु के बुजुर्गो का आयुष्मान भारत में निशुल्क इलाज होगा।? इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाना है और सरगुजा संभाग से चिंतामणि महाराज को जीताना हैं।

## लोकसभा चुनाव में भी सरगुजा सहित छत्तीसगढ़ में कांग्रेस खाता नहीं खुलना चाहिए : साय



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि विधानसभा चुनाव में जैसे सरगुजा संभाग में विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी का खाता नहीं खुला, सुपड़ा साफ हो गया वैसे ही लोकसभा चुनाव में भी सरगुजा सहित छत्तीसगढ़ में कांग्रेस खाता नहीं खुलना चाहिए?। पूरी 11 सीटें जिताकर मोदी जी को सौंपनी है। यह कोई साधारण चुनाव नहीं है। यह श्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। श्री मोदी देश की 140 करोड़ जनता को अपना परिवार मानते हुए 24 घंटो में 18 घंटे गांव, गरीब , किसान , युवा और महिलाओं की चिंता करते हुए काम करते हैं।? आज विश्व में देश की 140 करोड़ जनता का जो मान बढ़ा है वो मोदी जी की ही देन है। मुख्यमंत्री श्री साय ने आगे कहा कि प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास को मूलमंत्र मानते हुए 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के विजन पर काम कर रहे हैं।

## कांग्रेस लूटना चाहती है आपकी संपत्ति

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि हमारा देश संस्कार,संस्कृति में विश्वास रखता है, भारत उपभोक्तावादी देश नही हैं। हम संचय, संवर्धन, संरक्षित करने में विश्वास रखते हैं। हमारे यहां घर के बुजुर्ग अपने बच्चों, नाती - पोतों के लिए रुपये गहने खुद उपयोग न कर जमा करके रखते हैं। ये इस देश का स्वभाव है। कांग्रेस भारत के मूलभूत चिंतन, संस्कार पर कड़ा प्रहार कर रही है। श्री मोदी ने कहा कि कल उनके बयान पर कांग्रेस में बड़ा तूफान मच गया। वह इसलिए कि उन्होंने कहा था कि अर्बन नक्सली, शहरी माओवादियों ने कांग्रेस पर कब्जा कर लिया है। तब कांग्रेस अमेरिका को खुश करने के लिए आपकी संपत्ति को लूटना चाहती है। आपकी संतानो का हक लूट लेना चाहती है। जितने साल देश में कांग्रेस की सरकार रही आपका पैसा लूटा जाता रहा है लेकिन भाजपा सरकार आने के बाद आपके हक का पैसा आप पर ही खर्च हो रहा है।

## संक्षिप्त खबर

### मनीष सिसोदिया को लगा बड़ा झटका



**नई दिल्ली,24 अप्रैल 2024(ए)।** दिल्ली शराब नीति से जुड़े सीबीआई के मामले में फिलहाल चार्ज फ्रेम नहीं करने की मांग को लेकर याचिका पर राउज एवेन्यू कोर्ट ने केंद्रीय जांच एजेंसी से जवाब मांगा है। वहीं कोर्ट ने मामले में मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 7 मई तक बढ़ा दी है।

# ईवीएम पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

**नई दिल्ली,24 अप्रैल 2024(ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के जरिए से डाले गए वोटों का पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) के साथ पूर्ण सत्यापन करने को लेकर दायर याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रख लिया। इस दौरान कोर्ट ने अहम टिप्पणी करते हुए साफ किया कि वह चुनावों के लिए कंट्रोलिंग अथॉरिटी नहीं है और संवैधानिक अथॉरिटी भारत के चुनाव आयोग के कामकाज को निर्देशित नहीं कर सकता है। सुनवाई के दौरान, अदालत ने कहा, हम उन चुनावों को कंट्रोल नहीं कर सकते, जो किसी अन्य संवैधानिक प्राधिकरण (चुनाव आयोग) द्वारा आयोजित किए जाने हैं। अदालत ने कहा कि चुनाव निकाय (चुनाव आयोग) ने संदेह को दूर कर दिया है।



जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने कहा कि वह महज संदेह के आधार पर कार्रवाई नहीं कर सकती। इस याचिका को एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने सुप्रीम कोर्ट में दायर की थी। एडीआर की ओर से पेश हुए वकील प्रशांत भूषण के सवालों का जवाब देते हुए कोर्ट ने कहा कि यदि आप किसी विचार-प्रक्रिया के बारे में पूर्वनिर्धारित हैं, तो हम आपकी मदद नहीं कर सकते। हम यहां आपके विचार को बदलने के लिए नहीं हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की कार्यप्रणाली के कुछ खास पहलुओं पर बुधवार को चुनाव आयोग से स्पष्टीकरण मांगा था, साथ ही निर्वाचन आयोग के एक शीर्ष अधिकारी को दोपहर दो बजे तलब किया था। चुनाव आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी के अदालती सवालों का जवाब देने के लिए आने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने कहा कि उसे कुछ पहलुओं पर स्पष्टीकरण की जरूरत है, क्योंकि ईवीएम पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों (एफएक्यू) के बारे में निर्वाचन आयोग ने जो उत्तर दिए हैं उनमें कुछ भ्रम है। बेंच ने निर्वाचन आयोग की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल एश्वर्या भाटी से कहा, हम गलत साबित नहीं होना चाहते, बल्कि अपने निष्कर्षों को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त होना चाहते हैं और इसलिए हमने स्पष्टीकरण मांगने का सोचा।

# केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी प्रचार के दौरान हुए बेहोश

### मचा हड़कंप, सामने आया वीडियो

**मुंबई,24 अप्रैल 2024(ए)।** महाराष्ट्र के यवतमाल में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी भाषण देते समय मंच पर अचानक गिर पड़े। मंच पर मौजूद लोग तत्काल उन्हें उठाकर इलाज के लिए ले गए।. गडकरी यवतमाल के पुसद में एक चुनावी सभा को संबोधित करने के लिए पहुंचे हुए थे। वह मंच पर बोल ही रहे थे कि अचानक वह बेसुध होकर गिर पड़े जिसके बाद उनके आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें संभाला और तत्काल इलाज के लिए ले गए। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी नागपुर लोकसभा सीट से बीजेपी के उम्मीदवार हैं। नागपुर सीट पर पहले चरण में मतदान हो चुका है। यहां गडकरी का मुकाबला कांग्रेस के विकास ठाकरे से है। नितिन गडकरी यहां से तीसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं। यह पहली बार नहीं है जब गडकरी की



तबियत अचानक बिगड़ी है। 2018 में भी महाराष्ट्र के अहमदनगर में एक कार्यक्रम के दौरान वह अचानक मंच पर बेहोश हो गए थे।

AMBIKAPUR 25 APRIL 2024_Layout 2 4/24/2024 12:40 PM Page 2



## संपादकीय

### लोकतंत्र स्वास्थ्य के लिए अच्छी बात नहीं

सात चरणों में कराए जा रहे आम चुनाव-24 के प्रथम चरण में 2019 की तुलना में करीब चार फीसद कम मतदान होने से चुनाव आयोग, राजनीतिक दल गरज यह कि चुनाव प्रक्रिया से संबद्ध सभी पक्ष चिंता में पड़ गए हैं।गौरतलब है कि अठारहवीं लोक सभा के लिए प्रथम चरण का मतदान अपेक्षाकृत धीमी गति से शुरू हुआ लेकिन दिन चढने के बाद भी धीमापन आखिर तक बरकरार रहा। मतदान के एक दिन बाद ही शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मतदाताओं से अपील की कि मतदान, चाहे किसी को भी वोट करें, में जरूर हिस्सा लें।कम मतदान के कारणों की पड़ताल शुरू हो चुकी है, और कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि कई राज्यों में लू की स्थिति, शादियों के मुहूर्त और मतदाताओं में उत्साह की कमी के चलते मतदान फीसद में गिरावट आई है। चार फीसद कम मतदान का मतलब हुआ कि पिछली बार की तुलना में इस बार करीब 48 लाख मतदाता मत देने नहीं पहुंचे। मतदान का पहला चरण बाकी के चरणों का रुख तय करता है, जैसा कि पिछले दो संसदीय चुनावों के आंकड़ों से पता चलता है। इस लिहाज से कहा जा सकता है कि बाकी बचे छह चरणों में भी मतदाताओं में उदासीनता का रुख बना रह सकता है, जो विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए स्वास्थ्य के लिए अच्छी बात नहीं है। यह सवाल परेशानी का सबब बन चुका है कि आखिर, शिक्षित मतदाता तक अपने मताधिकार का उपयोग करने के प्रति इस कदर गैर-जिम्मेदाराना रवैया क्यों अपना रहा है। इस बात को नकारा नहीं जा सकता कि देश के नागरिक का अपने देश के प्रति, लोकतंत्र के प्रति दायित्व सर्वोपरि है।यदि नागरिक इस प्रकार से मतदान के प्रति बेरुखी दिखाएगा तो लोकतंत्र कैसे समृद्ध बना रह पाएगा। आने वाले छह चरणों में भी मतदाता का यही रुख न बना रहे इसके लिए समन्वित प्रयास करने जरूरी हैं।

# आज ही के दिन रंगीन हुआ था राष्ट्रीय चैनल दूरदर्शन

दूरदर्शन से आज सभी लोग परिचित हैं। दूरदर्शन दो शब्दों से मिलकर बना है- दूर एवं दर्शन। नाम से ही स्पष्ट है दूर की चीजों को दृश्य करना दूरदर्शन है।



राजीव नन्दन मिश्र
सरना,शाहपुर, भोजपुर ( बिहार )

दूरदर्शन को अंग्रेजी में टेलीविजन कहा जाता है जो लैटिन तथा यूनानी शब्दों से मिलकर बना है। यूनानी शब्द टेले एवं लैटिन शब्द विजीओ। टेले का अर्थ दूर एवं विजीओ का अर्थ दृष्टि है। दूरदर्शन का मुख्यालय नई दिल्ली में हैं। यह भारत का आधिकारिक चैनल है एवं प्रसार भारती के दो प्रभागों में से एक है। इसे शॉर्ट फार्म में डी.डी कहते है जो देश के सबसे बड़ा प्रसारण प्लेटफॉर्म है।

दूरदर्शन जब ऑल इंडिया रेडियों से अलग हुआ उस समय उसे अपने एक अलग लोगो की भी जरूरत थी। जो लोगो आज हम चैनल पर देखते है उसका डिजाइन एन. आइ. डी के पूर्व छात्र देवाशीष भट्टाचार्य ने अपने आठ मित्रों के साथ मिलकर किया था। कुछ मीडिया जानकारियों के अनुसार भट्टाचार्य ने सर्वप्रथम एक चित्र बनाया जो इंसान के आँख के आकार का था। उन्होने इस आँख के दोनो तरफ दो घुमावदार कर्व बनाये। यिन और यांग के आकार बनाये और बीच मे बने आँख वाले स्केच को देवाशीष भट्टाचार्य नेअपने शिक्षक विकास सातवलेकर को सौप दिया।

एन.आइ.डी के आठ छात्रों और छः फैकल्टी मेंबर्स के चौदह डिजाइन में से तत्कालीन प्रधानमंत्री द्वारा भट्टाचार्य के डिजाइन को चुना गया। इसे चुनने के बाद एनिमेशन एन.आई. डी के ही एक अन्य छात्र आर.एल. मिस्त्री ने डिजाइन के लिए तैयार किया। उन्होने इस स्केच को कैमरे से शूट करते हुए बार-बार घुमाया और तब तक नहीं रूके जब तक वह स्केच लोगो का अन्तिम रूप न ले लिया। इसी आँख को को डी.डी.आई के नाम से जाना गया।

दूरदर्शन के इस लोगो में सत्यम शिवम सुन्दरम शब्द देखने को मिलता है जिसका अर्थ बहुत ही व्यापक है। परंतु साधारणतया सत्य का अर्थ ईश्वर से, शिवम का अर्थ भगवान शिव से एवं सुन्दरम का अर्थ कला आदि सुन्दरता से संबंधित है।

जब हम दूरदर्शन के लोगो से संबंधित जानकारी जान गये तो इस लोगो के साथ सुनायी देने वाले धुन के तरफ ध्यान जाना लाज़मी है। यह धुन जो हम सुनते हैं उसे पंडित रविशंकर एवं उस्ताद अली अहमद हुसैन खान ने मिलकर बनाया। पंडित रविशंकर प्रख्यात सितार वादक व संगीतज्ञ थे। उन्हें भारत-रत्न, पद्म विभूषण, पद्म भूषण और कई अन्य अवार्ड प्राप्त हो चुके है। अली अहमद हुसैन खान शहनाई वादक थे। उन्हें संगीत नाटक अकादमी अवार्ड से नवाज़ा जा चुका है। उन्होने सन 1973 में दूरदर्शन के उद्घाटन कार्यक्रम में भी शहनाई बजायी थी। दूरदर्शन पर लोगो के साथ पहली बार बजने वाला धुन 1 अप्रैल 1976 को सुनी गयी थी।

आज जिस दूरदर्शन पर हम 24 घण्टे प्रसारण देखते हैं वह कभी सिर्फ आधे घण्टे से प्रारंभ हुआ था। इस आधे घंटे का प्रसारण भी सप्ताह में केवल तीन दिन होता था।

दूरदर्शन की शुरुआत 15 सितम्बर 1959 को हुआ था। उस समय इसका नाम टेलीविजन इंडिया हुआ करता था। आधे घंटे के प्रसारण में विकास एवं शिक्षा से जुड़े कार्यक्रम दिखाये जाते थे। यह मात्र एक परीक्षण कार्यक्रम था।




वर्ष 1965 में रोजाना प्रसारण प्रारम्भ किया गया। इसी वर्ष 5 मिनट का न्यूज़ बुलेटिन भी प्रारम्भ किया गया। तब टीवी सेट ब्लैक एंड व्हाइट अर्थात सादा हुआ करते थे। टी.वी उस समय धनी लोगों के लिए ही सामान्य बात हुआ करती थी परन्तु सामान्य आदमी के लिए यह कठिन था। यह बात जरूर थी कि टी.वी के बारे में सुनकर सभी के मन में देखने की जिज्ञासा थी। कार्यक्रम का प्रसारण देखने के लिए एक टीवी सेट के सामने अनेक लोग खड़े हो जाते थे।

विकास की यात्रा आगे बढी और दिल्ली के बाद यह 1972 में मुंबई पहुँची। 1975 में यह चेन्नई और कोलकात्ता भी पहुंची। चारों महानगरों में अब दूरदर्शन की प्रसारण शुरू हो गया। वर्ष 1975 वो दौर था जब टेलीवीजन इंडिया का नाम बादल गया और इसका हिन्दी नामकरण दूरदर्शन हो गया। 1980 तक इसे देश के अन्य शहरों तक पहुंचाने की कोशिश हुई। 1975 तक सिर्फ यह देश के सात शहरों तक ही सीमित था।

1982 में ही टीवी सेट रंगीन आने लगे। 25 अप्रैल 1982 वो दिन था जब दूरदर्शन रंगीन हो गया था। उस समय दूरदर्शन का सादे से रंगीन होना इतनी बड़ी उपलब्धि थी कि कलर टीवी स्टेटस सिंबल बन गया। मांग इतनी बढ़ी की सरकार को विदेशों से इम्पोर्ट करना पड़ा। यही दौर था जब दूरदर्शन देश के अन्य हिस्सों में विस्तारित किया गया। एशियाई खेलों के प्रसारण के बाद दूरदर्शन के क्षेत्र में नयी क्रान्ति आ गयी। 7 जुलाई 1984 को दूरदर्शन पर पहला सीरीयल या यूं कहें भारतीय इतिहास का पहला सीरियल प्रसारित किया गया। जिसका नाम हम लोग है। यह सिरीयल मध्यमवर्गीय परीवार की थी जोकि रोजाना आनेवाले समस्या का सामना करती है। लोगों ने इसके साथ खुद को खूब जोड़ा। इसके 156 एपीसोड थे। यह 17 नवम्बर 1985 तक टी.वी पर दिखाया गया था। यह वहीं समय था जब टीवी सेट की दुकानें बड़े-बड़े शहरों से लेकर छोटे-छोटे शहरों तक खुलने लगी थी। कृषि दर्शन प्रोग्राम दूरदर्शन का सबसे लम्बा चलने वाला प्रोग्राम रहा है। यह 26 जनवरी 1967 को शुरू किया गया था। इसका लक्ष्य किसानों तक कृषि सम्बन्धी सारी जानकारी पहुँचानी थी। इसके बाद सीरियल बुनियाद प्रसारित किया गया जो 1947 में हुए भारत-पाक बँटवारे के इर्द-गिर्द था।

वर्ष 1986 वह दौर था जब टी. वी पर रामायण का प्रसारण किया गया। यह रामायण रामानन्द सागर कृत था। इस रामायण धारावाहिक ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। रविवार के दिन इसका प्रसारण होता था। देश भर के सड़कों पर कार्यक्रम के दौरान सन्नाटा पसर जाता था मानो जैसे कर्फ्यू लगा हो। बी.आर.चोपड़ा कृत महाभारत का प्रसारण भी ऐसा ही रहा। दोनों प्रसारण को लोगों का बहुत स्नेह मिला। कार्यक्रम से पूर्व लोग स्नान कर के ही रामायण-महाभारत देखते थे। कार्यक्रम के दौरान लोग घरों के साफ-सुथरा कर अगरबत्ती-दीपक जलाते थे। कार्यक्रम समाप्त होने पर प्रसाद बाँटे जाते थे। उस समय कही किसी घर में एक-दो टी.वी सेट देखने को मिलते थे। जिस घर में टी.वी होती थी कार्यक्रम दिखाने की व्यवस्था होती थी। सैकड़ो लोग एक साथ बैठकर या यूं कहें पूरे मुहल्ले के लोग एक साथ बैठकर धारावाहिक देखते थे। कार्यक्रम के समय बिजली भी गुल नहीं होती थी।

इन धारावाहिक के अलावा चित्रहार, मालगुडी डेज, श्रीकृष्णा, अलिफलैला, विक्रम वैताल, फौजी, तमस, शक्तिमान, आदि प्रचलित रहे। आज दूरदर्शन के लगभग दो दर्जन चैनल है। जिसमें 24 घण्टे का एक समाचार चैनल भी शामिल है जो 2003 में शुरु हुआ।दूरदर्शन ने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जनमानस में शिक्षा, खेती, खेलकूद, आध्यात्मिक, स्वास्थ्य के क्षेत्र में लोगों के वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करने के साथ बदलते सामाजिक-सांस्कृतिक परिवेश को समाहित करने का एहसास भी कराया। दूरदर्शन का इतिहास वास्तव में बेहद रोचक व दिलचस्प है। दूरदर्शन ने कंटेंट के साथ-साथ तकनीकी दक्षता भी हासिल की है। इसके द्वारा आज भी लोगो के जागरूकता से सम्बन्धित कई कार्यक्रम,न्यूज आदि प्रसारित किया जाता है।

# निष्पक्ष चुनाव हेतु आचार संहिता का पालन करें

लोकतांत्रिक प्रणाली में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव लोकतंत्र के आधार हैं। इसमें मतदाताओं के बीच अपनी नीतियों तथा कार्यक्रमों को रखने के



संजय गोस्वामी, मुंबई

लिए सभी उम्मीदवारों तथा सभी राजनीतिक दलों को समान अवसर और बराबरी का स्तर प्रदान किया आचार संहिता के तहत बताया गया कि क्या करें और क्या न करें। 1962 के लोकसभा आम चुनाव में पहली बार चुनाव आयोग ने इस संहिता को सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों में वितरित किया। इसके बाद 1967 के लोकसभा और विधानसभा के चुनावों में पहली बार राज्य सरकारों से आग्रह किया गया कि वे राजनीतिक दलों से इसका अनुपालन करने को कहें और कमोबेश ऐसा हुआ भी। इसके बाद से लगभग सभी चुनावों में आदर्ष आचार संहिता का पालन कमोबेश होता रहा है। गौरतलब यह भी है कि चुनाव आयोग समय-समय पर आदर्श आचार संहिता को लेकर राजनीतिक होते ही राज्य सरकारों और प्रशासन पर कई तरह के अंकुश लग जाते हैं। सरकारी कर्मचारी चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक निर्वाचन आयोग के तहत आ जाते हैं। आचार संहिता में सभी दलों के लिये कुछ खास दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इनमें सरकारी मशीनरी और सुविधाओं का उपयोग चुनाव के लिये न करने और मंत्रियों तथा अन्य अधिकारियों द्वारा अनुदानों, नई योजनाओं आदि का ऐलान करने की मनाही है। मंत्रियों तथा सरकारी पदों पर तैनात लोगों को सरकारी दौरे में चुनाव प्रचार करने की इजाजत भी नहीं होती। सरकारी पैसे का इस्तेमाल कर विज्ञापन जारी नहीं किये जा सकते हैं। दलों से चर्चा करता रहता है, ताकि इसमें सुधार की प्रक्रिया बराबर चलती रहे। भारत में होने वाले चुनावों में अपनी बात मतदाता तक पहुंचाने के लिये चुनाव सभाओं, जुलूसों, भाषणों, नारेबाजी और पोस्टरों आदि का इस्तेमाल किया जाता है। इसी के मद्देनज़र आदर्श आचार संहिता के तहत क्या करें और क्या न करें की एक लंबी-चौड़ी फेहरिस्त है, लेकिन हम बात उन्हीं मुद्दों पर करेंगे, जो आदर्श आचार संहिता को इतना अहम बना देते हैं। वर्तमान में प्रचलित आदर्श आचार संहिता में राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के सामान्य आचरण के लिये दिशा -निर्देश दिये गए हैं। सबसे पहले तो आदर्श आचार संहिता लागू इनके अलावा चुनाव प्रचार के दौरान किसी की प्राइवेट लाइफ का ज़िक्र करने और सांप्रदायिक भावनाएं भड़काने वाली कोई अपील करने पर भी पाबंदी लगाई गई है। यदि कोई सरकारी अधिकारी या पुलिस अधिकारी किसी राजनीतिक दल का पक्ष लेता है तो चुनाव आयोग को उसके खिलाफ कार्रवाई करने का अधिकार है। इसके अलावा चुनाव सभाओं में अनुषासन और शिस्टाचार कायम रखने तथा जुलूस निकालने के लिये भी दिशा-निर्देश बनाए गए हैं। किसी उम्मीदवार या पार्टी को जुलूस निकालने या रैली और बैठक करने के लिये चुनाव आयोग से अनुमति लेनी पड़ती है और इसकी जानकारी निकटतम थाने में देनी होती है। आचार संहिता की नवीन तकनीकें जब डिजिटलीकरण और हाई-टेक होने का दौर चल रहा हो तो भला चुनाव आयोग क्यों पीछे रहता। आदर्श आचार संहिता को और यूज़र-फ्रेंडली बनाने के लिये कुछ समय पहले चुनाव आयोग ने ' बटप्लप्स् ' एप लॉन्च किया। तेलंगाना, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, मिज़ोरम और राजस्थान के हालिया विधानसभा चुनावों में इसका इस्तेमाल हो रहा है। ईव्हीएम के ज़रिये चुनाव वाले राज्यों में कोई भी व्यक्ति आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की रिपोर्ट कर सकता है। इसके लिये उल्लंघन के दृष्य वाली केवल एक फोटो या अधिकतम दो मिनट की अवधि का वीडियो रिकॉर्ड करके अपलोड करना होता है। उल्लंघन कहां हुआ है, इसकी जानकारी ज़रिये ऑटोमेटिकली संबंधित अधिकारियों को मिल जाती है। शिकायत करने वाला का पहचान गोपनीय रखते हुए रिपोर्ट के लिये यूनीक आईडी दी जाती है। यदि षिकायत सही पाई जाती है तो एक निष्चित समय के भीतर कार्रवाई की जाती है। यह तो बात हुई इस ऐप के फायदों की, लेकिन हम सब यह भी जानते हैं कि नफे के साथ नुकसान भी जुड़ा होता है। इसी के मद्देनज़र इस एप के गलत इस्तेमाल को रोकने के भी इंतज़ाम किये गए हैं। यह एप केवल आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के बारे में काम करता है। तस्वीर लेने या वीडियो बनाने के बाद यूज़र्स को रिपोर्ट करने के लिये केवल पाँच मिनट का समय मिलता है और इसमें पहले से ली गई फोटोज़ या वीडियो अपलोड नहीं किये जा सकते। हाई-टेक होने की दौड़ में सीविजिल एप के अलावा चुनाव आयोग ने और कई एडवांस तकनीकों को भी अपनाया है। इनमें नेषनल कंप्लेंट सर्विस, इंटीग्रेटेड कॉन्टैक्ट सेंटर, सुविधा सुगम, इलेक्षन मॉनिटरिंग डैषबोर्ड और वन वे इलेक्ट्रॉनिकली ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलट आदि शामिल हैं। चुनाव आयोग आदर्श आचार संहिता तथा अन्य उपायों के ज़रिये चुनावों को निश्पक्ष और साफ-सुथरा बनाने के प्रयास लगातार करता रहता है और इसके लिये उसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सराहा भी गया है, लेकिन यह भी उतना ही सच है कि भारत जैसे बड़े देष में चुनावों को केवल आदर्ष आचार संहिता के रहमो-करम पर नहीं छोड़ा जा सकता है। हैलीपैड, मीटिंग ग्राउंड, सरकारी बंगले, सरकारी गेस्ट हाउस जैसी सार्वजनिक जगहों पर कुछ उम्मीदवारों का कब्ज़ा नहीं होना चाहिये। इन्हें सभी उम्मीदवारों को समान रूप से मुहैया कराना चाहिये। इन सारी कवायदों का मकसद सत्ता के गलत इस्तेमाल पर रोक लगाकर सभी उम्मीदवारों को बराबरी का मौका देना है। आचार संहिता को लेकर सर्वाच्च न्यायालय का नज़रिया इस मुद्दे पर देष की आला अदालत भी अपनी मुहर लगा चुकी है। सर्वाच्च न्यायालय इस बाबत 2001 में दिये गए अपने एक फैसले में कह चुका है कि चुनाव आयोग का नोटिफिकेषन जारी होने की तारीख से आदर्ष आचार संहिता को लागू माना जाएगा। इस फैसले के बाद आदर्श आचार संहिता के लागू होने की तारीख से जुड़ा विवाद हमेशा के लिये समाप्त हो गया। अब चुनाव अधिसूचना जारी होने के तुरंत बाद जहां चुनाव होने हैं, वहां आदर्ष आचार संहिता लागू हो जाती है। यह सभी उम्मीदवारों, राजनीतिक दलों तथा संबंधित राज्य सरकारों पर तो लागू होती ही है, साथ ही संबंधित राज्य के लिये केंद्र सरकार पर भी लागू होती है। संबंधी मामलों को तेजी से निपटाने का जाता है। इस संदर्भ में आदर्श आचार संहिता का उद्देश्य सभी राजनीतिक दलों के लिए बराबरी का समान स्तर उपलब्ध कराना प्रचार, अभियान को निष्पक्ष तथा स्वस्थ्य रखना, दलों के बीच झगड़ों तथा विवादों को टालना है। इसका उद्देश्य केन्द्र या राज्यों की सत्ताधारी पार्टी द्वारा आम चुनाव में अनुचित लाभ लेने से सरकारी मशीनरी का दुरूपयोग रोकना है। आदर्श आचार संहिता लोकतंत्र के लिए भारतीय निर्वाचन प्रणाली का प्रमुख योगदान है। यह आचार संहिता राजनीतिक दलों तथा विशेषकर उम्मीदवारों के लिए आचरण और व्यवहार का मानक है। यह दस्तावेज राजनीतिक दलों की सहमति से अस्तित्व में आया और विकसित हुआ हैं। वर्ष 1960में केरल विधानसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता में यह बताया गया कि क्या करें और क्या न करें। इस संहिता के तहत चुनाव सभाओं के संचालन जुलूसों, भाषणों, नारों, पोस्टर तथा पट्टियां आती हैं। आदर्श आचार संहिता का विकास तथा से इसके क्रियान्वयन को लेकर निर्वाचन आयोग ने राज्य स्तर पर सभी राजनीतिक दलों के साथ बैठकें कर स्वतंत्र तथा निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए व्यवहार के न्यूनतम मानक के पालन संबंधी आचार संहिता का वितरण किया है। चुनाव आयोग ने वर्ष 1979 में राजनीतिक दलों से विचार-विमर्श कर आचार संहिता का दायरा बढाते हुए एक नयाभाग जोड़ा जिसमें 'सत्तारूढ़ दल' पर प्रतिबंध लगाने का प्रावधान हुआ ताकि सत्ताधारी दल अन्य पार्टियों तथा उम्मीदवारों की अपेक्षा अधिक लाभ उठाने के लिए शक्ति का दुरूपयोग न करे। वर्तमान आचार संहिता में राजनीतिक दलों तथा उम्मीदवारों के सामान्य आचरण के लिए दिशा-निर्देश जिसमें निजी जीवन पर कोई हमला नहीं, साम्प्रदायिक सप्ताह बाद अधिसूचना जारी की जाती से सत्ता में रहने के लाभ को रोका जाता है तथा बराबरी के आधार पर चुनाव लड़ने का अवसर उम्मीदवारों को भावनाओं वाली कोई अपील नहीं, बैठकों में अनुशासन और शिष्टाचार, जुलूस, सत्तारूढ़ दल के लिए दिशानिर्देश-सरकारी मशीनरी तथा सुविधाओं का उपयोग चुनाव के लिए नहीं किया जाएगा, मंत्रियों तथा अन्य अधिकारियों द्वारा अनुदानों, नई योजनाओं आदि की घोषणा पर प्रतिबंध है। इसके साथ ही मंत्रियों तथा सरकारी पद पर आसीन लोगों को सरकारी यात्रा के साथ चुनाव यात्रा को जोड़ने की अनुमति नहीं। सार्वजनिक कोष की कीमत पर विज्ञापनों के जारी करने पर पाबंदी। अनुदानों, नई योजनाओं व परियोजनाओं की घोषणा नहीं की जा सकती। आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले घोषित ऐसी योजनाएं जिनका क्रियान्वयन आरंभ नहीं हुआ है, उन्हें लम्बित स्थिति में रखने की आवश्यकता। ऐसे प्रतिबंध के माध्यम प्रदान किया जाता है। आदर्श आचार संहिता को देश के शीर्ष न्यायालय से न्यायिक मान्यता मिली है। आदर्श आचार संहिता के प्रभाव में आने की तिथि को लेकर उत्पन्न विवाद पर भारत संघ बनाम हरबंस सिंह जलाल तथा अन्य एसएलपी (सिविल) संख्या22724-1997, में 26.04..2001 को उच्चतम न्यायालय ने निर्णय दिया कि चुनाव तिथियों की घोषणा संबंधी निर्वाचन आयोग की प्रेस विज्ञप्ति या इस संबंध में वास्तविक अधिसूचना जारी होने की तिथि से आदर्श आचार संहिता लागू होगी। उच्चतम न्यायालय ने निर्णय दिया कि आयोग द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी करने के समय से आदर्श आचार संहिता लागू होगी। प्रेस विज्ञप्ति जारी होने के दो है। उच्चतम न्यायालय के इस निर्णय से आदर्श आचार संहिता के लागू होने की तिथि से जुड़ा विवाद हमेशा के लिए समाप्त हो गया। इस तरह आदर्श आचार संहिता चुनाव घोषणा की तिथि से चुनाव पूरे होने तक प्रभावी रहती है। कुछ हिस्सों में आदर्श आचार संहिता को वैधानिक दर्जा देने की बात की जाती है। लेकिन निर्वाचन आयोग आदर्श आचार संहिता को ऐसा दर्जा देने के पक्ष में नहीं है। निर्वाचन आयोग के अनुसार कानून की पुस्तक में आदर्श आचार संहिता को लाना केवल अनुत्पादक (प्रतिकूल) होगा। हमारे देश में निश्चित कार्यक्रम के अनुसार सीमित अवधि में चुनाव कराए जाते हैं। सामान्यतः किसी राज्य में आम चुनाव निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव कार्यक्रम घोषित करने की तिथि से लगभग 45 दिनों में कराया जाता है। इस तरह आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन महत्त्व है। यदि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन को रोकने तथा उल्लंघनकर्ता के विरुद्ध चुनाव प्रक्रिया के दौरान सही समय से कार्रवाई नहीं की जाती तो आदर्श आचार संहिता का पूरा महत्त्व समाप्त हो जाएगा तथा उल्लंघनकर्ता उल्लंघनों से लाभ उठा सकेगा। आदर्श आचार संहिता को कानून में बदलने का अर्थ यह होगा कि कोई भी शिकायत पुलिस, मजिस्ट्रेट के पास पड़ी रहेगी। न्यायिक प्रक्रिया संबंधी जटिलताओं के कारण ऐसी शिकायतों पर निर्णय संभवतः चुनाव पूरा होने के बाद ही हो सकेगा। अकसर यह शिकायत सुनने को मिलती है कि आदर्श आचार संहिता विकास गतिविधियों की राह में बाधा बनकर आ जाती है। लेकिन आदर्श आचार संहिता के सीमित अवधि में लागू किये जाने पर भी जारी विकास गतिविधियां रोकी नहीं जाती और उन्हें बिना किसी बाधा के आगे जारी रखने की अनुमति दी जाती है और ऐसी नई परियोजनाएं चुनाव पूरी होने तक टाल दी जाती हैं जो शुरू नहीं हुई हैं। ऐसे काम जिनके लिए अकारण प्रतीक्ष नहीं की जा सकती उन्हें मंजूरी के लिए आयोग को भेजा जा सकता है।









मोनिका डागा आनंद , चेन्नई, तमिलनाडु

## घातक है व्यसन

अपने ही बनाए हुए अविष्कारों के,बंधन में फंसा मूर्ख बन,
जब खुद को व्यसनों के आधीन कर देता है इंसान,
अभिशाप बन जाता है कुछ पल का सुखद सृजन,
निरसता लाती हैं, फिर जीवन में दुखद परिवर्तन।
सब जानते हुए यह व्यसन घातक है उसके लिए,
फिर भी अनजान बन दुनिया में दिखता है अपनी शान,
उचित-अनुचित, उपयुक्त-अनुपयुक्त का फर्क कहां होता है,
दी हुई बचपन की शिक्षा को पल में वह भूल जाता है ।
शुरू में अच्छे लगते हैं यह व्यसन,
फिर मानव इनकी गिरफ्त में कैद हो जाता है,
कुछ पल देता यह सुकून समझ,
जिंदगी का वास्तविक चैन तो कहीं खो जाता है ।
अपनी आदतों में शामिल कर इन व्यसनों को,
वह परिवार और स्वयं से दूर हो जाता है,
जीवन अंत में आनंद से विमुक्त हो,
अकेला घुट घुट कर जीने पर मजबूर हो जाता है ।
बड़े बुजुर्ग अक्सर कहते हैं,
लत किसी भी चीज की बहुत दुखदाई होती है,
यह जीवन के सुख को निगल जाती है,
फिर बस करती शनै-शनैः मौत की तैयारी है ।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना




अशोक पटेल आशु
तुस्मा, शिवरीनारायन छत्तीसगढ़

## सत्य-सनातन धर्म स्थली,अपना हिन्दुस्तान है...

सत्य-सनातन धर्म स्थली,अपना ये हिन्दुस्तान है
विश्व गुरु और धर्म गुरु का ये, मेरा देश महान है।
वेद,गीता,उपनिषद का,होता जहाँ अमृत ज्ञान है
दिव्य मंत्र से भरा हुआ है अपना ये यह पुराण है।
सत्य-सनातन धर्म स्थली,अपना ये हिन्दुस्तान है,,,,
यह वही भारत है जहाँ का, धर्म ग्रंथ रामायण है
जो अन्तर्मन में बसते हैं, वही सबके नारायण हैं।
जिनकी कथाएं यहाँ होती है वही इष्ट भगवान हैं
ऐसे प्रभु श्री राम का,ये ऋषि-मुनी करते ध्यान है।
सत्य-सनातन धर्म स्थली, अपना ये हिन्दुस्तान है,,,,
संत कवि तुलसी भी करते हैं, राम के गुणगाण है
ज्ञान-भक्ति,नैतिकता की करते ये बहुत बखान हैं।
जन-जन के आदर्श प्रभु यह राम बने प्रतिमान हैं
ऊंच-नीच को मिटाया शबरी का किया सम्मान है।
सत्य-सनातन धर्म स्थली, अपना ये हिन्दुस्तान है,,,,
प्रेम भक्ति सदभावना,का राम जी किए सम्मान हैं
मित्रता के प्रतिमूर्ति और,मर्यादा के ये यह खान हैं।
सुग्रीव-विभीषण को गले लगाकर, बढ़ाया मान है
ऐसा जिससे कार्य कराया, राम के दूत हनुमान हैं।
सत्य-सनातन धर्म स्थली, अपना ये हिन्दुस्तान है,,,,
जब भी बढ़ा इस धरती पे, असुरों का अभिमान है
तब-तब हाथों मे धरते हैं राघव जी धनुष कमान है।
भक्तों का उद्धार ये करते धन्य होते सारा जहान है
ऐसे प्रभु श्री राम जी, सूर्यवंशी रघुकुल ये महान हैं।
सत्य-सनातन धर्म स्थली, अपना ये हिन्दुस्तान है,,,,

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना





मीनाक्षी सुकुमारन
नोएडा उत्तरप्रदेश

## मेरा फर्ज

एक जागरूक नागरिक होने
के नाते मेरा फर्ज है की मैं
अपना मतदान ज़रूर करूँ
और सोच विचार कर
अपने मत का सही व्यक्ति
के लिए इस्तेमाल करूँ लोगों के
दबाव या अनैतिक हथकंडों का
शिकार न होऊं
लोग नोट , शराब या किसी
और लालच में बिक कर
अपने मन का गलत प्रयोग
करते हैं जिसका परिणाम
बाकी जनता को भी झेलना
पड़ता है इसलिए ये मेरा फर्ज
है सच्चाई, ईमानदारी से अपना
मत दें ताकि देश का अच्छा,
कर्मठ नेता मिले जिस से
देश में सुख शांति, समृद्धि ,
खुशहाली आये और उन्नति
के नए आयाम खुलें यदि कोई गलत
अभद्र, भ्रष्ट व्यक्ति सत्ता में आ जाता है
तो वो दीमक की तरह होगा जो
समाज और देश की जड़ों को
खोखला कर देगा सिर्फ निज स्वार्थ
देख अपना घर भरेगा
और मत देकर जिताने वाली
जनता खून के आँसू रोयेगी
इसलिये बिना किसी भी लालच
में आए सोच समझकर अपने
मत का प्रयोग करेंऔर ज़रूर करें।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

C M Y K

संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

घटती घटना

सरगुजा-समाचार

अम्बिकापुर ,गुरूवार 25 अप्रैल 2024







# विधायक रेणुका को प्रधानमंत्री का दिल्ली बुलावा क्यों ?

## अंबिकापुर के आमसभा में सीएम की कुर्सी पर विधायक रेणुका को बिठाकर की चर्चा

**- विशेष संवाददाता -**
**मनेन्द्रगढ़,24 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र से विधायक व पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री रेणुका सिंह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंबिकापुर के पीजी कालेज में आयोजित विजय संकल्प शंखनाद रैली के दौरान छत्तीसगढ़ व सरगुजा संभाग और भरतपुर सोनहत विधानसभा के विकास कार्यों को लेकर विस्तृत चर्चा की चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विधायक रेणुका सिंह को दिल्ली बुलाया। प्रधानमंत्री बुधवार को अंबिकापुर में सरगुजा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी चिंतामणी महराज के पक्ष में चुनावी सभा को सम्बोधित करने पहुंचे थे। जैसे ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंच पर पहुंचे तो विधायक रेणुका सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हाथ जोड़कर अभिवादन किया तो प्रधानमंत्री ने रेणुका सिंह से उनका हालचाल पूछा। विजय संकल्प के शंखनाद आमसभा के दौरान विधायक रेणुका सिंह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बातचीत चर्चा का विषय रही। गौरतलब है कि वर्तमान में प्रदेश की पहली विधानसभा भरतपुर सोनहत विधानसभा सीट से विधायक रेणुका सिंह सरगुजा लोकसभा से सांसद रह चुकी है व मोदी सरकार में प्रदेश से इकलौती केंद्रीय मंत्री रही है।

### सीएम की कुर्सी पर बिठाकर की चर्चा

विजय संकल्प शंखनाद रैली को जब प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय संबोधित कर रहे थे तब मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बैठे थे इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कुछ दूरी पर बैठी विधायक रेणुका सिंह को नरेंद्र मोदी ने बुलाया और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जिस कुर्सी पर बैठे थे उसमे बिठाया और लगभग 7 मिनट तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विधायक व पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री रेणुका सिंह ने प्रदेश के विकास कार्यों और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को लेकर चर्चा करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेणुका सिंह को दिल्ली आने के लिए कहा।

# टोनही कहकर महिला को प्रताड़ित करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,24 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

टोनही कहकर महिला को प्रताड़ित करने व झगड़ा विवाद करने के मामले में धौरपुर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। जानकारी के अनुसार नईहारो बाई ग्राम आसनडीह गोटिडुमरपारा थाना धौरपुर का रहने वाली है। इसके पड़ोसी फकीर व शिवलाल हैं। इन दोनों के घर में जबभी किसी की तबियत खराब होती है तो दोनों नईहारो पर जादू टोना करने का आरोप लगाकर झगड़ा विवाद करते थे। 21 अप्रैल को फकीर के पिता की तबियत खराब थी। जादू टोना करने की शक पर फकीर व शिवलाल दोनों नईहारो के घर जाकर टोनही कहकर गाली गलौज करने लगे। इससे पीड़िता अपमानित महसूस कर रही थी। नईहारो ने मामले की रिपोर्ट धौरपुर थाना में दर्ज कराई थी। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी फकीर व शिवलाल को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपी के खिलाफ धारा 294,506 व छत्तीसगढ़ टोनही प्रताडऩा निवारण अधिनियम की धारा 4, 5 के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।



# मैरिन ड्राइव में अचानक मर गईं हजारों मछलियां



**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर , 24 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

शहर के मैरिन ड्राइव में हजारों मछलियां अचानक मर गई,जिससे दुर्गंध की स्थिति बन गई है। मछलियों के मरने की वजह पानी का दूषित होना माना जा रहा है, हालांकि जिस सोसायटी के द्वारा मछली पालन किया जा रहा है, उसके द्वारा ऐसी संभावना से इन्कार किया जा रहा है। सोसायटी की संगीता गुप्ता का कहना है कि ठेकेदार के माध्यम से वे मछ्ली पालन का काम करते आ रहे हैं। ठेकेदार ही तालाब की सफाई, बीज डालने व देखरेख का काम करता है। इनके द्वारा मौसम में बदलाव और ऑक्सीजन लेबल कम होने के कारण मछलियों के मरने की संभावना व्यक्त की जा रही है। संगीता गुप्ता ने बताया कि मंगलवार को तालाब से काफी मछलियां जीवित अवस्था में निकाली गई थीं, जिसे बेच दिया गया है। बुधवार को तालाब में शेष मछलियों के मृत अवस्था में पानी के ऊपर आने की जानकारी मिली। उन्होंने तालाब में किसी प्रकार के जहरीले पदार्थ डालने की संभावना से भी इन्कार किया है। बहरहाल मैरिन ड्राइव तालाब में पल रही मछलियों की एक दिन पूर्व बिक्री के बाद मृत हाल में मछलियां कैसे सामने आईं, यह अस्पष्ट है।

# देश में बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी की विभीषिका पर मोदी जी मौन हैं:राजेश दुबे

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,24 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी विधि विभाग के प्रदेश महामंत्री एवं सरगुजा संभाग के प्रभारी राजेश दुबे अधिवक्ता ने अंबिकापुर में हुए प्रधानमंत्री मोदी की चुनावी सभा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मोदी जी देश की आम जनता पर करों का बोझ डाल कर जनता के बेबसी का मजाक उड़ाना बंद करें। मोदी जी ने जीएसटी लागू करके देश की जनता के जन्म से लेकर मृत्यु तक के संसाधनों पर टैक्स लगा दिया है यहां तक कि बच्चों के दूध तक में टैक्स लगा हुआ है।

दुबे ने बयान जारी कर कहा कि आम जनता के अपने खून पसीने के मेहनत से कमाए हुए धन को बैंक में जमा करने पर टैक्स लगता है और उस पैसे को निकालने के लिए भी टैक्स देना पड़ता है, कांग्रेस की सरकार के समय बैंको में पैसा जमा करने और निकालने का कभी टैक्स नहीं लगा। बल्कि बैंक ब्याज का लाभ आमजनता को प्रदान करती थी। उन्होंने कहा देश के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ जब मोदी सरकार ने करोना महामारी की



विभीषिका के समय कोविड वैक्सीन का शुल्क आम जनता से वसूल की थी। कांग्रेस पार्टी ने पचपन साल तक देश के आमजनता की निष्पक्ष सेवा की है। इन पचपन सालों में किसी कॉंग्रेस सरकार ने किसी की भूमि छीनी इतनी हल्की बात सिर्फ मोदी जी ही कर सकते हैं। वे बताएं चीन भारत की भूमि पर क्यों घुसपैठ कर रहा है। मणिपुर जल रहा है, किसान सड़क पर आंदोलन कर रहे हैं, देश को मेडल दिलाने वाले पहलवान, महिला खिलाड़ी मेडल वापस करने को मजबूर हुए इससे शर्मनाक बात मोदी सरकार के लिए और क्या हो सकती है।

दुबे ने कहा कि आज देश महंगाई और बेरोजगारी के भीषण चपेट में है, छोटे व्यापारी परेशान है, इस पर प्रधानमंत्री मोदी कुछ नहीं बोलते। आम जनता को मोदी जी के चिकने चुपड़े बातों से कोई लेना देना नहीं। उन्हें तो उनके रोजमर्रा की चीजों को उनके बजट के भीतर उपलब्धता से मतलब है। इसीलिए जनता सबक सिखाने के लिए तैयार है। दुबे ने कहा कि मोदी जी के पास देश की जनता को अपने सरकार की उपलब्धि बताने के लिए कुछ है नहीं है, कांग्रेस पार्टी के न्याय गारंटी घोषणा पत्र से घबरा गए हैं। पराजय का डर साफ उनके चेहरों पर झलक रहा है इसलिए ये उनकी झल्लाहट है।

# बाइक की टक्कर से घायल वृद्ध की मौत

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,24 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

धौरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रघुपुर निवासी लच्छू कोरवा पिता सोमरा कोरवा 65 वर्ष को अज्ञात मोटरसाइकिल का चालक लापरवाही पूर्वक वाहन चालन करते हुए ठोकर मार दिया। दुर्घटना में घायल वृद्ध की धौरपुर स्वास्थ्य केंद्र से रिफर करने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराया गया था, यहां उपचार के दौरान वह दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया मृतक मंगलवार की शाम को अपनी पत्नी के साथ सामान खरीदी करने के लिए पैदल गया था। घर लौटते वक्त उक्त हादसा हुआ, जिसमें उसे गंभीर चोटें आई थी।

# पीएम मोदी के सभा में शामिल होने आए नशे में धुत स्कार्पियो चालक ने दुकान की तोड़ी दीवार

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,24 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा में शामिल होने के लिए सीतापुर से आया एक स्कार्पियो सवार बिरयानी दुकान की दीवार को तोड़ते दो दोपहिया वाहनों को बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं दीवार के मलबे की चपेट में छात्रावासी बच्चों की एक दर्जन साइकिल आ गई। घटना आकाशवाणी चैक के पास स्थित पूर्व रोजगार कार्यालय में संचालित अशोका बिरयानी होटल की है। घटना के समय होटल में किसी की उपस्थिति नहीं थी, जिस कारण बड़ा हादसा टल गया। स्कार्पियो सवार की हरकत से लोगों के बीच नाराजगी की स्थिति बन गई और उन्होंने चालक की अच्छी खातिरदारी कर दी। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस पहुंची और स्कार्पियो क्रमांक सीजी 15 डीवी 3665 के चालक को अपने साथ ले गई। बता दें बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कार्यक्रम पीजी कॉलेज मैदान में होने के कारण पुलिस ने जगह-जगह बैरीकेडिंग करके आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी। स्कार्पियो सवार भी संभवतः इसी सभा में शामिल होने के लिए आया था। आकाशवाणी चैक के पास सब्जी सहित अन्य दुकानों के बंद रहने के कारण भीड़भाड़ जैसी स्थिति नहीं थी। बहरहाल पुलिस स्कार्पियो चालक को हिरासत में लेकर अग्रिम कार्वाई कर रही है।







# स्वीप कार्यक्रम के तहत नगर पालिका के अधिकारी व कर्मचारियों को दिलाया गया शपथ

**- संवाददाता -**
**सूरजपुर,24 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

नगर पालिका परिषद के अधिकारी एवं कर्मचारियों को स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता एवं शपथ ग्रहण कराया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी मुक्ता सिंह चौहान ने निकाय के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदान हेतु मतदान के लिए जागरूकता की शपथ दिलाई। इस दौरान सीएमओ श्रीमती चौहान ने बताया कि नगर पालिका परिषद के माध्यम से पूरे नगरीय क्षेत्र में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को प्रेरित किया जा रहा है। निकाय की स्वच्छता दीदियों के द्वारा स्व सहायता समूह के माध्यम से घर-घर जाकर 07 मई 2024 को मतदान करने की अपील कर रही है। निकाय के द्वारा वाल राइटिंग व होर्डिंग बैनर भी लगाकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

# सामान्य प्रेक्षक पगारे ने स्ट्रांगरूम सहित विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

» स्ट्रांगरूम में सीसीटीवी कैमरा व मतदान केंद्रों में शौचालय, पानी,छाँव की व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

» सोनहत के दूरस्थ मतदान केंद्र जाकर किया मुआयना, व्यवस्था का किया सराहना

**- संवाददाता -**
**कोरिया,24 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

आज सामान्य प्रेक्षक कैलाश सुखदेव पगारे ने बैकुंठपुर के रामानुज स्कूल में बनाए गए स्ट्रांगरूम व विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। स्ट्रांग रूम के सभी कक्ष में जाकर बारीकियों से जानकारी प्राप्त की। सीसीटीवी कैमरा लगाने के बात कही, कलेक्टर लंगेह आश्वस्त करते हुए कहा कि सीसीटीवी कैमरा 24 घण्टे चालू रहते हैं। सभी तरफ यह व्यवस्था की जाती है। मतगणना के दिन तीन लेयर पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाती है। मतदान दलों के रवानगी के बारे में कलेक्टर ने पूरी व्यवस्था से अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार, सीईओ डॉ आशुतोष चतुर्वेदी, एसडीएम श्रीमती अंकित सोम, अपर कलेक्टर अरुण कुमार मरकाम उपस्थित थे।





कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने बताया कि मतदाताओं के लिए मतदान विश्राम कक्ष भी तैयार की जाएगी ताकि वे छाँव में आराम से बैठ सके। वहां पानी, पंखा की व्यवस्था की जाएगी।

लोकसभा आम चुनाव 2024 की तैयारियों की समीक्षा के लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से नियुक्त सामान्य प्रेक्षक कैलाश सुखदेव पगारे ने बैकुंठपुर व सोनहत के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। मतदान के दिन मतदान केंद्रों पर छाया, पानी, महिलाओं, दिव्यांगजन, बुजुर्ग मतदाताओं के लिए रैम्प, व्हीलचेयर आदि समुचित व्यवस्था करने के लिए निर्देश दिया।

बैकुंठपुर व सोनहत विकासखण्ड के ओड़गी, चेरवापारा, छरछा-बस्ती, कटगोड़ी, तर्रा, दामुज, भैंसवार, रजौली, खोड़की, घुघरा, व सोनहत आदि मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।

मतदान केंद्रों के निरीक्षण के दौरान सोनहत एसडीएम राकेश साहू ने पूरी जानकारी से अवगत कराया। प्रेक्षक पगारे ने एसडीएम श्री साहू के कार्यों व किए गए व्यवस्था पर सन्तोष व्यक्त किया और सराहा।

पगारे ने अकलासरई में बनाए गए स्थैतिक निगरानी दल (एस.एस.टी.) द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली ओर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

घटती घटना

अंतर्राष्ट्रीय-सरगुजा-सूरजपुर-समाचार

अम्बिकापुर ,गुरूवार 25 अप्रैल 2024



# अमेरिकी संसद में यूक्रेन-इस्राइल के लिए 95 अरब डॉलर के पैकेज को मंजूरी,बाइडन जल्द कर सकते हैं हस्ताक्षर

**वॉशिंगटन,24अप्रैल 2024।** कई महीनों के इंतजार के बाद अमेरिकी संसद के उच्च सदन-सीनेट में यूक्रेन-इस्राइल की सहायता संबंधी पैकेज को मंजूरी मिल गई। अमेरिका के उच्च सदन में मंगलवार को 79 विधायकों ने इस विधेयक के पक्ष में वोट दिया था, जबकि 18 इसके खिलाफ थे। गौरतलब है कि पिछले हफ्ते यह विधेयक अमेरिकी संसद के निचले सदन-हाउज ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में पास हुआ था। तब रिपब्लिकन नेताओं ने अचानक से अपना रुख बदल लिया और यूक्रेन, इस्राइल एवं ताइवान के लिए 95 अरब डॉलर की ज्यादातर सैन्य सहायता पर अपना समर्थन दिया। बता दें कि सीनेट ने चार विधेयकों को एक पैकेज में बदल दिया था।




### यूक्रेन को मिला सबसे बड़ा पैकेज

इन पैकेजों में सबसे बड़ा हिस्सा 61 अरब डॉलर की सहायता यूक्रेन को प्रदान की जाएगी। इसके अलावा 26 अरब डॉलर इस्राइल और दुनिया भर के संघर्ष क्षेत्रों में नागरिकों के लिए मानवीय सहायता एवं तीसरा हिस्सा 8.12 अरब कम्युनिस्ट चीन का मुकाबला करने के लिए रखा गया है। चौथे विधेयक को सदन में पिछले हफ्ते जोड़ा गया था। इसमें चीनी नियंत्रित सोशल मीडिया एप टिकटॉक पर प्रतिबंध,जब्त की गई रूसी संपत्तियों को यूक्रेन में स्थानांनतरित करने के उपाय और ईरान पर नए प्रतिबंध शामिल हैं

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने वादा किया था कि जैसे ही सदन में इसे पास किया जाएगा, वह इसपर हस्ताक्षर कर इसे कानून में बदल देंगे। दो अधिकारियों ने बताया कि बाइडन प्रशासन पहले से ही यूक्रेन के लिए एक अरब की सैन्य सहायता पैकेज तैयार कर रही है।

### यूक्रेन का समर्थन करना जारी रखेगा अमेरिकाः अधिकारी

अमेरिका के डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन नेताओं ने बताया कि उन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अन्य विदेशी विरोधियों को यह चेतावनी दे दी है कि अमेरिका यूक्रेन का समर्थन करना जारी रखेगा। बताया गया कि नवंबर में चुनाव होने तक यूक्रेन को सहायता पैकेज की मंजूरी दी जा सकती है। बता दें कि यह राहत पैकेज अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष माइक जॉनसन ने पेश किया था। इसके तहत यूक्रेन और इस्राइल के अलावा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भी सहायता राशि भेजने का प्रस्ताव है।



# ब्रेन ट्यूमर वाले बच्चों-युवाओं को अस्पताल के बजाय घर पर दिया जा सकेगा उपचार,एनएचएस ने दी मंजूरी

**लंदन,24 अप्रैल 2024।** ब्रिटेन में राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) ने बुधवार को ब्रेन ट्यूमर वाले बच्चों और युवाओं के लिए अस्पताल के बजाय घर पर उपचार को मंजूरी दी है। इससे रोग के बढ़ने की गति को धीमा किया जा सकेगा। नई ड्रग थेरेपी को राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं देखभाल उत्कृष्ता संस्थान (एनआईसीई) की ओर से मंजूरी दी गई है। अध्ययनों से पता चलता है कि यह उपचार कीमोथेरेपी के दुष्प्रभावों को कम करता है और उपचार के लिए बच्चों की प्रतिक्रिया दर में सुधार करता है। यह बीमारी के अधिक बढ़ने की स्थिति में बच्चों और युवाओं के जीवित रहने के समय में सुधार करता है। डाब्राफेनिब और ट्रामेटिनिब के संयोजन का इस्तेमाल अब जेनेटिक म्यूटेशन के साथ निम्न श्रेणी या उच्च श्रेणी ग्लियोमा वाले एक साल के अधिक आयु वर्ग के लिए रोगियों के लिए किया जा सकेगा। उच्च श्रेणी के ग्लियोमा के कारण अपने आठ साल के बेटे राज को खोने वाली भारतीय मूल की एक महिला सुकी संधू ने एनएचएस के फैसले का स्वागत किया है।

# अमेरिका और चीन के शीर्ष नौसेना अधिकारियों ने की बैठक,हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चुनौतियों पर की चर्चा

**बीजिंग,24अप्रैल 2024।** ताइवान और दक्षिण चीन सागर को लेकर बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका और चीन के शीर्ष नौसेना अधिकारियों ने बुधवार को एक बैठक की। इसमें हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ती सुरक्षा चुनौतियों पर चर्चा की गई।

चीन की नौसेना की ओर से तटीय शहर किंगदाओं में 19वीं पश्चिम प्रशांत नौसेना संगोष्ठी का आयोजन किया गया था। अमेरिकी प्रशांत बेड़े के कमांडर एडमिरल स्टीफन कोहलर ने इस संगोष्ठी के इतर चीन की नौसने का राजनीतिक आयुक्त एडमिरल युआन हुआझी से मुलाकात की। इसके बाद अमेरिकी बेड़े की ओर से एक बयान जारी किया गया। जिसमें कहा गया कि कोहलर ने युआन से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ती सुरक्षा चुनौतियों पर चर्चा



पकरने के लिए मुलाकात की। अमेरिकी प्रशांत बेड़ा हिंद-प्रशांत कमान को नोसैनिक बल मुहैया कराता है। बयान के मुताबिक, दो दिन पहले कोहलर ने चीन की नौसेना के कमांडर एडमिरल हू झोंगमिंग से मुलाकात की थी। हांगकांग स्थित साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट ने बयान के हवाले से बताया कि चीन की नौसेना के अधिकारियों के साथ बैठक में कोहलर ने संचार की खुली लाइन को बनाए रखने, परिचालन सुरक्षा और क्षेत्रीय सुरक्षा की चिंताओं के महत्व पर चर्चा की।


दोनों नौसेना के शीर्ष अधिकारियों की इस बैठक से पहले हाल ही में अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन और उनके चीनी समकक्ष डोंग जून के बीच हाल ही में बातचीत हुई थी। चीन द्वारा आयोजित संगोष्ठी में 29 देशों ने भाग लिया। इसमें रूस और अमेरिका के प्रतिनिधि भी शामिल थे।


दोनों देशों की नौसेनाओं के बीच यह वार्ता विवादित दक्षिण चीन सागर में चीन और फिलीपींस के बीच संघर्ष तेज होने की पृष्ठभूमि में हुई है। फिलीपींस को अमेरिका समर्थन हासिल है और वह संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन ऑफ लॉफ सी (यूएनसीएलओएस) के न्यायाधिकरण द्वारा 2016 के फैसले के आधार पर दक्षिण चीन सागर पर अपने दावों को मजबूत करने की कोशिश कर रहा है।

# संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका-रूस का टकराव तय,अंतरिक्ष में परमाणु हथियारों की दौड़ बनेगा मुद्दा,चर्चा आज

**नई दिल्ली, 24 अप्रैल 2024।** संयुक्त राष्ट्र अमेरिका ने रूस पर एक गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि वह एक एंटी सैटेलाइट परमाणु हथियार विकसित कर रहा है। जिसे रूस के रक्षामंत्री ने नकार दिया। आज होने वाली सभा में इस विषय पर संयुक्त राष्ट्र अमेरिका और रूस आमने-सामने हो सकते हैं।

बुधवार को रूस और संयुक्त राष्ट्र अमेरिका अंतरिक्ष में परमाणु हथियारों को लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में शामिल होंगे। इसमें मतदान होगा, जो कि बाहरी अंतरिक्ष में हथियारों की होड़ को रोकने के लिए देशों को सहमति का अमेरिका ने प्रस्ताव तैयार किया। कुछ समय पर अमेरिका ने रूस पर आरोप लगाया था कि वह एंटी सैटेलाइट परमाणु हथियार विकसित कर रहा है। हालांकि रूस के रक्षा मंत्री ने अमेरिका के इस आरोप





को सिरे से नकार दिया।

वहीं कुछ राजनीतिज्ञों की मानें तो रूस इस प्रस्ताव को रोक सकता है। वहीं अमेरिका ने भी यह कदम मॉस्को पर अंतरिक्ष में एंटी-सैटेलाइट परमाणु हथियार विकसित करने के आरोप लगाने के बाद उठाया।

दरअसल शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड और जापान के संयुक्त राष्ट्र राजदूत यामाजाकी काजुयुकी ने शुक्रवार को बयान दिया था कि वे छह सप्ताह से प्रस्ताव पर सुरक्षा परिषद के सदस्यों से बातचीत कर रहे हैं।

यह प्रस्ताव बाहरी अंतरिक्ष संधि का पालन करने के राज्यों के कर्त्तव्यों का पालन कराने के लिए तैयार कराया गया है। जिससे बाहरी अंतरिक्ष में हथियारों की होड़ को रोकने के उद्देश्य में सक्रिय रूप से योगदान के लिए है।

### 1967 की अंतरिक्ष संधि

रूस और संयुक्त राज्य अमेरिका समेत कई देशों ने 1967 में बाहरी अंतरिक्ष संधि पर हस्ताक्षर किया था। इस संधि में पृथ्वी के चारों ओर कक्षा में परमाणु हथियार या किसी अन्य प्रकार के सामूहिक विनाश के हथियार ले जाने वाली वस्तुओं को रखने से रोकती है।

# इमरान खान की पार्टी ने सेना के साथ गुप्त बातचीत के दावों को नकारा,कहा...चर्चा होगी तो खुले मंच पर

**इस्लामाबाद, 24 अप्रैल 2024।** पाकिस्तान में जेल की सजा काट रहे पीटीआई (पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ) के संस्थापक और पूर्व पीएम इमरान खान उन दावों को सिरे से नाकारा है, जिनमें कहा जा रहा था कि उनकी सेना के साथ गुप्त वार्ता चल रही है। पार्टी के अध्यक्ष गोहर खान ने रावलपिंडी की जेल के बाहर पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैंने आज पार्टी के संस्थापक इमरान खान से पूछा कि क्या कुछ संस्थानों ने बातचीत के लिए उनसे संपर्क किया है। इमरान खान ने स्पष्ट जवाब दिया,उनसे किसी ने संपर्क नहीं किया और न ही उन्हें किसी से बातचीत के लिए कोई संदेश मिला था।

### पीटीआई अध्यक्ष गोहर खान का बयान

गोहर खान का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब पाकिस्तान की



मीडिया में कुछ खबरें आई थीं। खबरों में दावा किया गया है कि इमरान खान ने पीटीआई के कुछ नेताओं द्वारा सेना से संपर्क साधने का खुलासा किया है। गोहर खान ने बताया कि अगर हमें बातचीत के लिए किसी से कोई संदेश मिलता है तो भी हम मीडिया को सूचित करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब भी पार्टी को संवाद में रुचि होगी, तो इस चर्चा को खुले मंच पर आयोजित किया जाएगा और मीडिया को भी इसके बारे में सूचित किया जाएगा।

### जनादेश चुराने वालों से गठबंधन नहीं करेगी पार्टी: गोहर खान

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष गोहर खान ने यह भी कहा कि पीटीआई किसी भी ऐसी पार्टी के साथ गठबंधन नहीं करेगी, जिसने उसका जनादेश चुराया हो। हालांकि, पार्टी पाकिस्तान के लोगों के अधिकारों के लिए अपने प्रयास और संघर्ष जारी रखेगी।

### मीडिया रिपोर्ट्स में किया गया था यह दावा

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, इमरान खान ने अल-कादिर ट्रस्ट मामले की सुनवाई के बाद जेल से कहा था कि वह देश की खातिर किसी से भी बातचीत करने को तैयार हैं। अगर वह पूर्व सेना प्रमुख कमर जावेद बाजवा के साथ बातचीत कर सकते हैं, जिन पर उन्होंने अप्रैल 2022 में पीटीआई सरकार के पतन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आरोप लगाया था, तो वह किसी से भी मिल सकते हैं, क्योंकि देश एक कठिन दौर से गुजर रहा है।

# ईरानी राष्ट्रपति का तीन दिवसीय दौरा हुआ समाप्त, व्यापार-ऊर्जा समेत कई मुद्दों पर द्विपक्षीय चर्चा

**इस्लामाबाद,24 अप्रैल 2024।** ईरान के राष्ट्रपति सैयद इब्राहिम रईसी का तीन दिवसीय पाकिस्तान दौरा बुधवार को खत्म हो गया। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने उनका इस दौरे को सार्थक करार देते हुए कहा कि कई मुद्दों पर चर्चाओं, व्यापार एवं ऊर्जा समेत अन्य क्षेत्रों में द्विपक्षीय वार्ता काफी कारगर साबित हुई। पाकिस्तान में आठ फरवरी को हुए चुनाव के बाद यह किसी भी विदेशी नेता का पहला दौरा था।



### राष्ट्रपति रईसी ने की पाकिस्तान के शीर्ष नेताओं से मुलाकात

अपने तीन दिवसीय दौरे पर ईरानी राष्ट्रपति रईसी ने पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, सेना के प्रमुख आसिम मुनीर, सीनेट अध्यक्ष यूसुफ रजा गिलानी, नेशनल असेंबली के स्पीकर सरदार अयाज सादिक और सिंध एवं पंजाब प्रांत के मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल से मुलाकात की। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया, दोनों पक्षों के बीच सार्थक चर्चाएं हुई। व्यापार, ऊर्जा, कनेक्टिविटी, लोगों से लोगों के बीच संपर्क जैसे अन्य मुद्दों पर द्विपक्षीय वार्ता की गई। स्थानीय मीडिया के अनुसार, राष्ट्रपति रईसी ने लाहौर और कराची का भी दौरा किया। इस दौरान उनके साथ उनकी पत्नी, उच्च स्तरीय दल जिसमें विदेश मंत्री भी शामिल थे, कैबिनेट के अन्य मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और एक बड़ा व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी थे।

बता दें कि ईरानी राष्ट्रपति 22 अप्रैल को इस्लामाबाद पहुंचे थे, जहां आवास मंत्री मियां रियाज हुसैन पीरजादा और ईरान में पाकिस्तान के राजदूत मुदस्सर टीपू ने उनका स्वागत किया था। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान में उन्हें अलगाव महसूस नहीं हुआ। राष्ट्रपति रईसी ने बताया कि पकिस्तान के लोगों का ईरान से विशेष लगाव है। उन्होंने इच्छा जताई कि वह पाकिस्तान में एक सार्वजनिक सभा का आयोजन करना चाहते थे, लेकिन कुछ कारणों से यह संभव नहीं हो पाया।

# भारत से तनाव के बीच मजबूत हुए मुइज्जू, पार्टी में शामिल हुए छह निर्दलीय

**माले,24 अप्रैल 2024।** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू और पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीएनसी) ने बुधवार को संसद में अपनी स्थिति और मजबूत कर ली। दरअसल, रविवार को हुए चुनाव में जीत हासिल करने वाले छह निर्दलीय सदस्यों ने सत्तारूढ़ पार्टी का दामन थाम लिया।



संसदीय चुनाव में पीएनसी ने संसद की 93 में से 66 सीट पर जीत दर्ज की थीं। जबकि उसके गठबंधन सहयोगियों मालदीव नेशनल पार्टी (एमएनपी) ने एक और मालदीव डेवलपमेंट अलायंस (एमडीए) ने दो सीट हासिल की थीं। छह निर्दलीय सदस्यों राष्ट्रपति मुइज्जू की मौजदगी में एक समारोह में पीएनसी में शामिल हुए। मुइज्जू पार्टी के अध्यक्ष भी हैं।

इन निर्दलीय सदस्यों के जुड़ने से पीएनसी के नेतृत्व वाले गठबंधन के पास अब संसद में 78 सीट हो जाएंगी। जो कि पीपुल्स मजलिस में दो तिहाई (63 सीट) से कहीं अधिक है।पीएनसी के एक प्रवक्ता ने बुधवार को इस बात की पुष्टि की कि छह निर्दलीय सदस्य मंगलवार को पीएनसी में शामिल हुए। नए सांसदों को 28 मई को शपथ दिलाई जाएगी।


यह निर्दलीय सदस्य ऐसे समय में सत्तारूढ़ पार्टी में शामिल हुए हैं, जब इस महीने की शुरुआत में दलबदल विरोधी विधेयक पारित किया गया है। राष्ट्रपति मुइज्जू ने पिछले हफ्ते इस विधेयक पर हस्ताक्षर किए थे, जिससे इसने कानून का रूप ले लिया।

संसद में बहुमत का मतलब है कि मुइज्जू की पार्टी का न केवल कानून बनाने पर नियंत्रण होगा बल्कि विधायिका भी उसके नियंत्रण में होगी, जो कानूनों की पुष्टि करती है। विधायिका में अब तक दो विरोधी गठबंधन थे और सरकार व विधायिका के बीच संघर्ष के कई मौके सामने आ चुके हैं। संसदीय चुनावों में पीएनसी की भारी जीत को भारत की विदेश नीति के लिए झटके के रूप में देखा जा रहा है। भारत और चीन दोनों हिंद महासागर में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस द्वीप समूह में चुनावों के परिणाम को करीब से देख रहे थे।

# अगर निकाहनामे की शर्तें अस्पष्ट तो विवाद की स्थिति में पत्नी को मिलेगा लाभ,सुप्रीम कोर्ट का आदेश

**इस्लामाबाद,24 अप्रैल 2024।** पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने बीते दिन एक अहम फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि निकाहनामे में लिखे गए नियम-शर्तों में किसी भी तरह की अस्पष्टता के मामले में यदि कोई विवाद होता है तो महिला को लाभ दिया जाएगा। इसमें वे शर्तें भी शामिल होंगी, जिन पर निकाह के समय सहमति बनी होगी। फैसला जस्टिस अमीनुद्दीन खान और न्यायमूर्ति अतहर मिनुल्लाह की दो सदस्यीय पीठ ने मंगलवार को एक दंपती के तलाक से संबंधित याचिका पर सुनाया। अपील पर 10 पन्नों का विस्तृत फैसला जारी किया गया।

जानकारी के अनुसार, तलाक के बाद एक महिला ने निकाहनामे में निर्धारित शर्तों के तहत दहेज और अन्य वस्तुओं को वापस मांगा।



इसके लिए महिला ने अदालत का दरवाजा खटखटाया। निकाहनामा एक इस्लामी निकाह अनुबंध होता है, जिस पर निहाह के समय दोनों पक्ष (शौहर-बेगम) हस्ताक्षर करते हैं। मामला हाईकोर्ट तक पहुंचा तो महिला को निकाहनामे के कॉलम नंबर 17 में दर्ज जमीन का एक हिस्सा दे दिया गया।

हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ अपीलकर्ता ने सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। याचिकाकर्ता ने कहा कि जमीन का मकसद यह था कि वहां एक घर बनाया जाएगा और जब तक निकाह टिकता है, महिला वहां रह सकती है। हालांकि, निकाहनामे में ऐसा कुछ साफ शब्दों में नहीं लिखा गया। मामले में सुप्रीम कोर्ट के सामने कानूनी सवाल यह था कि अगर निकाहनामे के नियमों और शर्तों में कोई अस्पष्टता थी,तो इसे कैसे हल किया जा सकता था?

कोर्ट ने कहा कि यह एक पहले से तय कानून है कि अनुबंध में किसी भी तरह का संदेह पक्षों के इरादों से तय होती है। हालांकि, इस मामले में फैसले में कहा गया कि निकाहनामे के नियमों और शर्तों की व्याख्या करने से पहले यह भी विचार किया जाना चाहिए कि क्या दुल्हन को शादी के नियमों और शर्तों पर अपनी सहमति देने की पूरी स्वतंत्रता थी।

फैसले में कहा गया कि पुरुष-प्रधान समाज में नियम और शर्तें आम तौर पर दुल्हन की ओर से भी पुरुष ही तय करते हैं। इसलिए इसमें कहा गया है कि अगर किसी और ने दुल्हन से बात किए बिना निकाहनामे के कॉलम भर दिए, तो इसका इस्तेमाल दुल्हन के हित के खिलाफ नहीं किया जा सकता है। फैसले के मुताबिक, अगर निकाहनामे के नियम और शर्तों या किसी कॉलम में संदेह है, तो पत्नी को इसका लाभ मिलेगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट ने भी महिला को जमीन का एक टुकड़ा देने के हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा और अपील खारिज कर दी।

C M Y K

संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन
घटती घटना | कोरिया-सरगुजा-समाचार | अम्बिकापुर ,गुरूवार 25 अप्रैल 2024






# क्या सोनहत दौरे में जनमानस से घुल मिल गईं सरोज... जगह-जगह हुआ भाजपा प्रत्याशी का आतिशी स्वागत ?

» युवा शक्ति ने लोकसभा प्रत्याशी के आगमन पर बाइक रैली कर दिखाई ताकत

» युवाओं ने विधानसभा चुनाव में निभाई थी अहम भूमिका,तोड़ा था कांग्रेस का कमर...क्या लोकसभा में भी दिलाएंगे भाजपा को जीत ?

- रवि सिंह -
कोरिया/सोनहत,24 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

कोरबा लोकसभा से भाजपा की उम्मीदवार सुश्री सरोज पांडेय सोमवार को सोनहत ब्लॉक पहुंची जहां अलग-अलग स्थानों पर पार्टी कार्यकर्ताओं समेत आम नागरिकों ने उनका जोरदार स्वागत किया,उत्साही युवकों ने मोटर सायकल रैली निकाली तो वहीं ढोल, नगाड़ा, फूल, माला, आतिशबाजी व गगनभेदी नारों के मध्य स्वागत से माहौल भाजपाई हो गया। भाजपा प्रत्याशी स्वागत सत्कार से भाव विभोर हो गईं,जनमानस के बीच अपने सहज,सरल अंदाज से वें घुल मिल गईं उन्होंने अबकी बार 400 पार का नारा देकर कोरबा में भी कमल खिलाने का आह्वान किया।

भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय अपने काफिले के साथ सर्वप्रथम कटगोड़ी घाट स्थित शिव मंदिर पहुंची यहां उन्होंने भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर क्षेत्र के उन्नति और खुशहाली की कामना की। यहां से वे पहाड़पारा पहुंची जहां जोरदार स्वागत सम्मान कार्यक्रम के बाद सैकड़ों मोटरसाइकल की रैली के साथ उनका आगमन कटगोड़ी, घुघरा, कैलाशपुर, सोनहत, पोंडी व भैंसवार में हुआ,हर जगह उत्साही पार्टी कार्यकर्ताओं ने सरोज पांडेय का जोशीला स्वागत किया। घुघरा में सुआ नृत्य करती महिलाओं ने स्वागत किया तो कई स्थानों पर कर्मा दलों ने स्वागत किया। सोनहत ब्लॉक के विभिन्न स्थानों पर बड़ी मात्रा में पार्टी पदाधिकारी,कार्यकर्ताओं समेत आम जनों की मौजूदगी देखने को मिली,उत्साह से लबरेज कार्यकर्ताओं ने अबकी मार 400 पार, फिर इस बार मोदी सरकार और सरोज पांडेय जिंदाबाद के गगन भेदी नारे लगवाए। महिला वर्ग ने भी उत्साहपूर्वक प्रत्याशी सरोज पांडेय का स्वागत किया। सुश्री सरोज पांडेय ने कहा की चुनाव संपन्न पश्चात 3 माह के भीतर कोरबा लोकसभा क्षेत्र सहित कोरिया जिले के सभी ग्राम पंचायतों में 30 लाख के विकास कार्यों से संसदीय क्षेत्र के विकास की शुरुआत करेंगी। सभा में भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह ने भी अपनी बात रखकर सरोज पांडेय को जिताने का आह्वान किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं बैकुंठपुर विधायक भैयालाल राजवाड़े,भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री चम्पा देवी पावले,भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल,जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण राजवाड़े, भरतपुर सोनहत विधानसभा प्रभारी देवेंद्र तिवारी,जिला पंचायत सदस्य वंदना राजवाड़े, भाजयुमो जिलाध्यक्ष हितेश प्रताप सिंह समेत सोनहत भाजपा मंडल के अध्यक्ष, महामंत्री, भाजयुमो, महिला मोर्चा समेत विभिन्न मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## विधानसभा अध्यक्ष चरण दास महंत और सांसद के रूप में ज्योत्स्ना महंत रही फिर कोरबा लोकसभा क्षेत्र विकास के साथ साथ केंद्र की योजनाओं से दरकिनार क्यू रहा ?

भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय ने कहा कि जब छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार थी,विधानसभा अध्यक्ष चरण दास महंत रहे और सांसद के रूप में ज्योत्स्ना महंत रही तो फिर कोरबा लोकसभा क्षेत्र विकास के साथ साथ केंद्र की योजनाओं से दरकिनार क्यूं रहा? क्या उनके नेता हमेशा अपमान जनक अभद्र टिप्पणी करना ही असल राजनीति समझते हैं। जिस देश का आम जनमानस अपनी भावनाओं और भरोसे पर अपने मुख्य नेतृत्व के रूप में मोदी जी को प्रधानमंत्री चुना है उनके लिए अमर्यादित भाषा का उपयोग करके महंत परिवार खुद को आम जनता के बीच गिरा लिया है उन्होंने अपनी घटिया और विकृत मानसिकता का परिचय दिया है । जिसका जवाब क्षेत्र की जनता देगी। और अबकी बार 400 पार के साथ फिर से मोदी जी को प्रधानमंत्री के रूप में चुनेगी । उन्होंने कहा की देश की आम जनता के स्नेह और आशीर्वाद के साथ केंद्र की मोदी सरकार में भारत देश पूरे विश्व में अपनी एक अलग पहचान बनाते हुए ख्याति बिखेर रहा है और विकसित भारत संकल्प अभियान 2047 की ओर तेजी से बढ़ रहा है । उसी को जोर देते हुए देश की जनता एक बार फिर से यशस्वी प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी को अपने स्नेह की बदौलत प्रधानमंत्री बनाने जा रही है और इस राष्ट्र के गौरव को शीर्ष पर स्थापित करने, देश के चौमुखी विकास सहित विकसित भारत के भागीदार बनने जा रही है।



## विकास के लिए डबल इंजन की सरकार बनानी होगी...

इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय ने उद्बोधन के माध्यम से कहा कि विकास के लिए डबल इंजन की सरकार बनानी होगी। भूपेश बघेल की निकम्मी,घोटाले बाज और दहसत फैलाने वाली सरकार को 2023 विधानसभा चुनाव में जनता ने जवाब दे दिया है ।ठीक उसी तरह कोरबा लोकसभा की निठल्ली और निष्क्रिय लापता सांसद ज्योत्सना महंत को भी लोकसभा क्षेत्र की आम जनता नकार चुकी है और सुपड़ा साफ कर देने पर आमादा है ।उन्होंने कहा कि कोरबा लोकसभा में कई ऐसे मुद्दे और विकास संबंधी बातें मेरे लोकसभा स्तरीय दौरे के दौरान सामने निकलकर आई, लोगों ने मुझसे बताया जिससे ज्ञात हुआ कि कोरबा लोकसभा क्षेत्र के लोग अब भी सर्वांगीण विकास से काफी दूर हैं। कस्बे और गांवों में समस्याओं का अंबार है ।जिसका निदान बीते पांच वर्षों में यहां की कांग्रेस सांसद ज्योत्सना महंत नही कर पाई। ज्योत्सना महंत के नकारेपन की वजह से क्षेत्र की जनता को केंद्र सरकार की योजनाएं का लाभ पूर्ण रूप से नहीं मिल पाया ।पांच साल सांसद रहते हुए ज्योत्स्ना महंत मात्र 17 बार ही कोरबा लोकसभा में आई ।यहां तक कि वो केंद्र (दिल्ली) तक में मौजूद नहीं रहती थी इनका ज्यादातर समय मध्य प्रदेश के भोपाल में व्यतीत होता था।

## भाजपाईओ ने अपने प्रत्याशी का किया स्वागत

लोकसभा कोरबा सीट के सोनहत क्षेत्र में सोमवार को सासंद प्रत्याशी सरोज पांडेय का आगमन हुआ। उनके साथ भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह, बैकुंठपुर विधायक भैयालाल राजवाड़े, जिलाध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल विधानसभा प्रभारी देवेन्द्र तिवारी मण्डल अध्यक्ष ईश्वर राजवाड़े महामंत्री मनोज साहू उपस्थित रहे। सुश्री पांडे के आगमन पर पहले भाजपाइयों ने पहाडपारा चौक में फूल माला और पटाखों से जोरदार स्वागत किया। तत्पश्चात युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने सैकड़ों बाइक से रैली निकाल पहाड़ पारा से सोनहत तक शक्ति प्रदर्शन किया। सरोज पांडेय का चुनाव के दौरान पहला दौरा सोनहत में हुआ जहां कटगोडी चौक, घुघरा देवालय, कैलाशपुर चौक, सोनहत दुर्गा मंदिर के सामने व पोड़ी चौक तथा भैसवार बाजार स्थल पर भव्य स्वागत किया गया।

## युवाओं ने दिखाई ताकत

लोकसभा प्रत्याशी के आगमन पर तीन सौ से चार सौ के लगभग संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली निकालकर अपनी ताकत दिखाई और युवाओं तथा क्षेत्र में सरोज पांडेय के लिए चुनावी माहौल बनाया। ज्ञात हो कि विधानसभा चुनाव में सोनहत क्षेत्र में कांग्रेस काफी मजबूत थी लेकिन रणनीतिकारों ने इस सीट पर युवाओं के दम पर जीत का परचम लहराया और हर सर्वे में कांग्रेस को मजबूत बताने वाली मिडिया सर्वे रिपोर्ट फेल हो गई। अब बाइक रैली से प्रदर्शन कर युवा मोर्चा ने फिर सोनहत में अपनी दमदारी प्रस्तुत किया है। और जिस तरह उमंग और आत्मविश्वास से भरे युवाओं ने शक्ति प्रदर्शन किया है आने वाले चुनाव में भाजपा को मजबूती मिलना और फतह हासिल करना आसान हो गया है।

## पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश पर निशाना साधते हुए कहा कि खुद के कार्यकर्ता हो आम जनमानस हो या फिर पत्रकार सबको प्रताड़ित और भयभीत करने का काम किया है...

सुश्री सरोज पांडेय ने कांग्रेस पार्टी के साथ-साथ तात्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर निशाना साधते हुए कहा कि भूपेश बघेल ने खुद के कार्यकर्ता हो आम जनमानस हो या फिर पत्रकार सबको प्रताड़ित और भयभीत करने का काम किया है। कोयला, शराब घोटाला, शिक्षित युवाओं से पीएससी में ठगी करने वाली भ्रष्टाचार में डूबी भूपेश सरकार को जनता उनके मुंह पर जवाब दी और कांग्रेस को जमीदोज करदी । कांग्रेस पार्टी के द्वारा बाहरी प्रत्याशी होने के सवाल पर सरोज पांडेय ने कहा की जब सोनिया गांधी बाहर से आकर चुनाव लड़ सकती हैं, राहुल गांधी दिल्ली में रहकर अमेठी और वायनाड में चुनाव लड़ सकते हैं तो फिर मेरा चुनाव लड़ना इनको इतना भारी क्यों पड़ रहा है। यह देश और लोकसभा का चुनाव है। जो कांग्रेसी मुझे बाहरी कह रहे है वो कांग्रेस पार्टी से सांसद रही ज्योत्स्ना महंत की निठल्ली नकारा नीतियों की बात क्यू नही करते जिनके द्वारा राज्यसभा में अपनी लोकसभा क्षेत्र के विकास की बातों को कभी नहीं रखा गया । हालांकि निठल्ली, निष्क्रिय और भ्रष्टाचारी कांग्रेस की नीतियों को जनता बहुत करीब से जानती है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों को सराहती है और लगातार जनता का अपार स्नेह और साथ उन्हें मिल रहा है। सुश्री पांडेय ने कहा की भारतीय जनता पार्टी कोरबा लोकसभा सहित छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटें जीतेगी और फिर से मोदी सरकार बनेगी ।फिर वो शिक्षा का स्तर हो, आवास हो,? रोजगार हो या फिर जिले स्तर पर एम्स के तर्ज़ पर स्वास्थ्य सुविधा हो सभी पर पूरजोर युद्ध स्तर पर विकास होंगे और देश की जनता, देश की नारी शक्ति,मात्र शक्ति सभी सशक्त और आर्थिक रूप से मजबूत होंगे रोजगार के नए संसाधनों का सृजन होगा ,उद्योग स्थापित किए जायेंगे साथ ही कोरबा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत सभी जिला मुख्यालय में संसदीय कार्यालय स्थापित किए जायेंगे जहां पर हमारे प्रतिनिधि होंगे जिससे जिलों की समस्याएं मुझ तक पहुंचेगी साथ ही मैं सरोज पांडेय आपकी सांसद के रूप में महीने में दो बार आपके बीच उपस्थित भी रहूंगी। यहां की जनता केंद्र सरकार की योजनाओं से सदैव लाभान्वित होती रहेगी और मुझे पूर्ण रूप से विश्वास है कि जनता अपने पूर्ण बहुमत के साथ हमारा साथ देगी।

## देश में मोदी की गारंटी व प्रदेश में विष्णु का सुशासन चल रहा है

इस दौरान रेणुका सिंह ने कहा देश में मोदी की गारंटी व प्रदेश में विष्णु का सुशासन चल रहा है, भरतपुर सोनहत क्षेत्र में लोग विकास से कोसों दूर है पूर्व के जनप्रतिनिधियों ने सिर्फ वोट लिया वास्तव में थोड़ा प्रयास किया होता तो यह क्षेत्र विकसित हो गया होता। इस क्षेत्र की जनता ने मुझे अपना आशीर्वाद दिया है, अब मोदी का हाथ मजबूत करने के लिए सरोज पांडेय जी को वोट करें जिससे इस क्षेत्र में डबल इंजन की सरकार तेजी से दौड़े और क्षेत्र का विकास तेजी से हो सके। प्रत्याशी सरोज पांडेय ने कहा कि मुझे मोदी जी ने सोनहत में भेजा है विधानसभा चुनाव में जिस तरह से जनता ने भाजपा की सरकार मोदी की गारंटी पर विस्वास कर बनाया है , अब अपनी बहन सरोज को आशीर्वाद दें जिससे रेणुका और सरोज मिलकर वनांचल क्षेत्र में बिजली पानी सड़क और मोबाइल टावर चालू कर हम क्षेत्र को विकसित व शसक्त बना सकें। विधायक भैयालाल ने भी सरोज पांडेय के लिए समर्थन मांगा।

# नवीन जिले एमसीबी में शासकीय भूमि अतिक्रमण का खेल जारी पूर्ववर्ती कांग्रेस शासनकाल से नहीं बंद हो पा रहा यह खेल

» प्रशासन ने अतिक्रमण तो हटाया,लेकिन कुछ लोगों का ही अतिक्रमण हटाया गया लगा आरोप

» अतिक्रमण करने वाले राजनीति से जुड़े रसूखदार लोग,नाम उजागर करने से भी परहेज क्यों कर रहा प्रशासन ?

- रवि सिंह -
एमसीबी,24 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।




नवीन जिले एमसीबी में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण का खेल जारी है जो पूरवर्ती कांग्रेस शासनकाल से ही जारी है जिस पर अंकुश नहीं लग पा रहा है यह शिकायत लगातार आ रही है वहीं प्रशासन पर यह भी आरोप लग रहा है की वह अतिक्रमण मामले में कुछ में ही कार्यवाही कर रहा है उसे ढहाए जाने या हटाने का अन्य में वह भी मौन है क्योंकि मामला रसूखदार राजनीतिक लोगों से जुड़ा हुआ है।

बता दें की नवीन एमसीबी जिले के जिला मुख्यालय के समीप की बेशकीमती शासकीय भूमि को जिला गठन के बाद से ही हथियाने की कवायद जारी है जो देखने में आता रहा है, जब जिला गठित हुआ तब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी तब यह बात सामने आई थी की तत्कालीन क्षेत्रीय विधायक के खास कुछ पत्रकारों ने जिला मुख्यालय के आस पास की शासकीय भूमि अतिक्रमण कर ली थी वहीं अब फिर अतिक्रमण की बात सामने आ रही है। बताया जा रहा है की अतिक्रमण बदस्तूर जारी है और ज्यादातर अतिक्रमण राजनीति से जुड़े रसूखदार लोग ही कर रहे हैं। वैसे प्रशासन ने इस बीच एक दो अतिक्रमण हटाया भी है लेकिन वह किसका अतिक्रमण था यह प्रशासन बताने तैयार नहीं है वैसे बताया जा रहा है सूत्रों द्वारा की अतिक्रमण जो हटाया गया है वह कुछ कांग्रेस नेताओं का ही था जो निर्वाचित नेता हैं और जिनकी नजर बेशकीमती शासकीय भूमि पर थी जो जिला मुख्यालय के आसपास थी। अब यह बात कितनी सच है यह तो घटती घटना पुष्टि नहीं करता लेकिन जहां तक सूत्रों का कहना है उसके अनुसार यह कहा जा सकता है की यह कहीं न कहीं रसूख और राजनीतिक पकड़ का ही मामला है जिससे प्रशासन भी अतिक्रमण कारियों का नाम लेने में घबरा रहा है। वैसे नवीन जिले के जिस जगह अतिक्रमण किया जा रहा है वहां ही नवीन जिला मुख्यालय प्रस्तावित है और इसलिए वहां की शासकीय भूमि की कीमत बढ़नी तय है जिसके कारण वहां रसूखदारों की नजर लगी हुई है। वैसे पूर्व विधायक के खास कुछ पत्रकारों ने जब अतिक्रमण किया था तब गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने इसका विरोध किया था तब प्रशासन ने मामले में क्या कार्यवाही की थी वह भी अब तक स्पष्ट नहीं है।

## जिस कांग्रेस नेता का नाम आ रहा है वह अपनी सरकार में भी थे काफी विवादित

वैसे अतिक्रमण मामले में जिस कांग्रेस नेता का नाम आ रहा है वह अपनी सरकार में भी काफी विवादित थे। वह कई बार कई मामलों में विवाद में सामने आए थे लेकिन तत्कालीन कांग्रेस शासन में उनके विरुद्ध कार्यवाही इसलिए नहीं हुई थी क्योंकि तब प्रदेश में कांग्रेस की ही सरकार थी। वैसे अब इस मामले में उनका कितना लेना देना है यह तो स्पष्ट नहीं है लेकिन सूत्रों का कहना है की इस मामले में उन्ही का अतिक्रमण हटाया गया है।

## नियम विरुद्ध तरीके से संचालित था स्टोन क्रशर फिर भी नहीं हो पाई थी कार्यवाही

उक्त कांग्रेस नेता का स्टोन क्रशर भी है और स्टोन क्रशर नियम विरुद्ध तरीके से आबादी क्षेत्र में संचालित है ऐसा बताया जाता है और कांग्रेस शासनकाल में इसका विरोध भी हुआ था लेकिन तब इस मामले में कोई कार्यवाही नहीं हो पाई थी। अब देखना है की क्या अब प्रशासन इनके क्रशर पर कार्यवाही करता है।

## नेशनल हाईवे पर भी मचाया था हंगामा पर नहीं हुई कार्यवाही

उक्त कांग्रेस नेता ने नेशनल हाइवे पर भी हंगामा मचाया था जब तत्कालीन विधायक के एक प्रचार लेखन का मामला भाजपाइयों ने तुल पकड़ाया था। तब भी इनके विरुद्ध कार्यवाही नहीं हो सकी थी क्योंकि तब कांग्रेस की ही सरकार थी और विधायक भी कांग्रेस के थे जिनके पक्ष में इन्होंने हंगामा किया था।

# भाजपा प्रत्याशी सरोज ने हनुमान मंदिर पटना में की पूजा अर्चना

- संवाददाता -
कोरिया पटना 24 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर सभी हनुमान मंदिरों में भक्ति भाव के साथ पूजा अर्चना की गई,अखंड रामायण,सुंदर काण्ड एवं हनुमान चालीसा के पाठ से मंदिर परिसर गुंजायमान रहा,वहीं कोरबा लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार सुश्री सरोज पांडेय भी हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर बैकुंठपुर विधानसभा के पटना में स्थित प्राचीनतम हनुमान मंदिर पहुंची यहां उन्होंने पूजा अर्चना कर खुशहाली की कामना की। हनुमान मंदिर परिसर पहुंचकर सुश्री पांडेय ने माता बहनों के साथ बैठकर भक्ति भाव से सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर बन जाने और रामलला विराजमान होने के बाद यह पहला अवसर है कि हनुमान जन्मोत्सव का कार्यक्रम मनाया जा रहा है इसलिए इस बार भक्तों में और ज्यादा उत्साह देखने को मिल रहा है,उन्होंने कहा कि चुनाव पूर्व खुद वे हनुमान जी का दर्शन कर आशीर्वाद लेने और क्षेत्र के खुशहाली की कामना करने आई हूं। उपस्थित भक्तगणों से आत्मीयता के साथ मिलकर सरोज पांडेय ने हनुमान जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दिया। इस दौरान मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल,पूर्व मंत्री एवं विधायक भैयालाल राजवाड़े,जिलाध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल, जवाहर गुप्ता, रविशंकर शर्मा, शैलेष शिवहरे, योगेंद्र मिश्रा समेत बड़ी संख्या में भक्त शामिल थे।




AMBIKAPUR 25 APRIL 2024_Layout 2 4/24/2024 12:40 PM Page 6



# महिलाएं किसी से कम नहीं है...निर्वाचन में भागीदारी गर्व की बातः प्रेक्षक प्रेमसिंह मीणा



**- संवाददाता -**
**कोरबा,24 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत महिला मतदान दलों को स्वामी आत्मानन्द विद्यालय विद्युत गृह उच्चतर विद्यालय क्रमांक 01 में प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है । प्रशिक्षण स्थल पर अलग-अलग कक्ष में कोरबा लोकसभा के सामान्य प्रेक्षक प्रेमसिंह मीणा और कलेक्टर अजीत वसंत पहुँचे । उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं को लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत दायित्व को गंभीरता से करने के लिए मास्टर्स ट्रेनर्स द्वारा दी जा रही महत्वपूर्ण जानकारियों को भलीभांति समझने और समझ नहीं आने पर बार-बार सवाल कर शंका का समाधान करने कहा। प्रेक्षक श्री मीणा ने कहा कि ईवीएम का बेहतर संचालन के लिए हैंड्सऑन आवश्यक है। उन्होंने कोरबा लोकसभा अंतर्गत विधानसभा कोरबा में मतदान की जिम्मेदारी महिलाओं के हाथों सम्पन्न कराए जाने की इस पहल की सराहना करते हुए प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं से कहा कि निर्वाचन कार्य में आपकी भागीदारी गर्व का विषय है। आप अपने आपको कम न आंके, आज महिलाएं बहुत आगे बढ़ रही है। निर्वाचन कार्य में आपकी भूमिका महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देगी और अन्य महिलाओं को मतदान के लिए भी प्रेरित करेगी। कलेक्टर श्री वसंत ने महिलाओं का उत्साहवर्धन किया और कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मतदान करना जितना महत्वपूर्ण है,उतना ही महत्वपूर्ण मतदान के कार्यों को बिना किसी गलती के संपन्न कराना भी है। कलेक्टर ने पीठासीन अधिकारी से लेकर मतदान दल के अधिकारी एक,दो और तीन को आपस मे समन्वय बनाकर निर्वाचन के कार्य को गाइडलाइंस के अनुरूप चरणबद्ध तरीके से सम्पादित करने के दिए निर्देश ।



# कार्यक्रमों में बड़े नेताओं के बीच अक्सर उपस्थित भाजपा युवा नेता आखिरकार पुलिस के गिरफ्त में

**- संवाददाता -**
**कोरबा,24 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत का आवेदन खारिज होने के बाद भी गिरफ्तारी से दूर लेकिन भाजपा के कार्यक्रमों में नितिन नबीन जैसे बड़े नेताओं सहित लोकसभा प्रत्याशी के साथ सार्वजिनक हो रहे भाजपा युवा नेता साकेत शिंदे को आखिरकार पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया। इस मामले को लेकर कहीं न कहीं पुलिस की कार्यवाही भी सवालों में आने लगी थी और भाजपा पर आरोपी को संरक्षण देने जैसे सवाल भी किए जा रहे थे। उसे बचाने की कोशिशों में बीते कई माह के बाद ही सही, गिरफ्तार किया गया। इस मामले में एसपी से सांसद प्रतिनिधि मंदीप शर्मा द्वारा शिकायत भी हुई थी व बात शीर्ष अधिकारी तक भी पहुचाई गई । जिसपर उच्च निर्देश उपरांत आखिरकार स्थानीय सायबर सेल व सीएसईबी चौकी पुलिस द्वारा आरोपी साकेत शिंदे को गिरफ्तार किया गया। युवा नेता साकेत सिंदे को न्यायालय में पेश कर जिला जेल दाखिल करा दिया गया है। बता दें कि थाना कोतवाली में दर्ज धारा 457,392,384,294, 506,34 भादवि का यह मामला वन नाइट क्लब से जुड़ा है। घटना दिनांक 14 दिसम्बर 2022 को रात 12:05 बजे जब साकेत सिंदे अपने साथी के साथ क्लब बंद होने के समय जबरदस्ती प्रवेश कर शराब पीने,मना करने पर गाली-गलौच करने एवं गल्ले से जबरदस्ती पांच सौ के चार नोट निकालकर जेब में रख लेने के संबंध जयंत दत्ता के जनरल मैनेजर ने रिपोर्ट दर्ज कराया था । जिसपर पुलिस ने कई महीनो के बाद ही सही गिरफ्तारी की कार्यवाही की है ।




# परसा में उत्साह के साथ मनाया गया पृथ्वी दिवस




**» पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए आयोजित हुई कई प्रतियोगिताएं**

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,24 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

अदाणी फाउंडेशन द्वारा जिले के उदयपुर ब्लॉक में पृथ्वी दिवस मनाया गया। पृथ्वी दिवस 2024 की थीम 'पृथ्वी बनाम प्लास्टिक' पर अदाणी इन्टरप्राइसेस के पर्यावरण विभाग और अदाणी फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से ग्राम साल्ही के अदाणी विद्या मंदिर और ग्राम तारा के आदिवासी कन्या आश्रम में प्रोजेक्ट उत्थान के तहत दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन दो दिनों में कुल 500 छात्रों ने पर्यावरण संबंधी मुद्दों पर अपने रचनात्मकता और ज्ञान का प्रदर्शन करने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस मौके पर सोमवार को राजस्थान राज्य विद्युत निगम लिमिटेड (आरआरवीयूएनएल) के पर्यावरण संरक्षण की एक मुहिम के तहत परसा ईस्ट कांता बासन (पीईकेबी) खदान के 0.143 हेक्टेयर रेकलैमेड क्षेत्र में 400 से अधिक पौधों का रोपण भी किया गया। पृथ्वी दिवस मनाने का उद्देश्य छात्रों के बीच पृथ्वी ग्रह को संरक्षित करने में व्यक्तिगत और सामूहिक प्रयासों के महत्व पर प्रकाश डालते पर्यावरण संरक्षण और स्थिरता के बारे में जागरूकता बढ़ाना था।

इस अवसर पर आयोजन के पहले दिन अदाणी फाउंडेशन के प्रोजेक्ट उत्थान के तहत ग्राम परसा और तारा में रंगोली और निबंध प्रतियोगिता के साथ समारोह की शुरुआत की गई। जबकि सोमवार को अदाणी विद्या मंदिर, साल्ही में 'पृथ्वी बनाम प्लास्टिक' विषय पर केंद्रित भाषण, निबंध, ड्राइंग, रंगोली और नारा लेखन सहित कई प्रतियोगिताओं आयोजित की गई। कार्यक्रम में आदिवासी कन्या आश्रम की प्रभारी श्रीमती ज्योति गुप्ता, अदाणी विद्या मंदिर के शिक्षक जितेंद्र मेहर, पर्यावरण विभाग से अविनाश कुमार और सीएसआर विभाग से सौरभ सिंह मौजूद थे। प्रतियोगिता में शीर्ष तीन में स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

# मेडिकल कॉलेज में वार्ड ब्वॉय द्वारा मरीज के साथ की गई मारपीट के मामले में जांच टीम गठित




**- संवाददाता -**
**कोरबा,24 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

कोरबा मेडिकल कॉलेज जिला अस्पताल आए दिन विवादों में घिरा रहता । ऐसा ही एक मामला बीते दिन सामने आया है जहां एक वार्ड बॉय ने भर्ती मरीज के साथ जमकर मारपीट की। विवाद किस बात को लेकर हुआ इसका पता नहीं चल सका है। घटना में गंभीर रुप से घायल मरीज को निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है। अस्पताल में सुरक्षाकर्मी के रूप में पदस्थ पत्नी ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई करने की मांग की है। जानकारी के मुताबिक, ग्राम पंतोरा निवासी उमा चौहान के पति घनश्याम चौहान को मंगलवार देर रात जिला मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया था। मरीज की पत्नी उमा चौहान ने बताया कि वो जिला मेडिकल कॉलेज में गार्ड का काम करती है जो निजी कंपनी के अधीन है। उसकी ड्यूटी जिला मेडिकल कॉलेज में रात के वक्त थी। उसके पति की तबीयत खराब हुई तो वह अस्पताल आया।उसकी हालत को देखते हुए ढ्ढष्ट वार्ड में भर्ती कराया गया। उसके पति को ड्रिप लगाया जा रहा था। इस दौरान वह छटपटा रहा था तो ड्यूटी पर तैनात वार्ड ब्वॉय ने गुस्से में उसके सीने और चेहरे पर मुक्के से मारा, इसके बाद से वह बेहोश हो गया और उसकी हालत गंभीर हो गई। उसकी हालत को देखते हुए निजी अस्पताल रेफर कर दिया गया। पत्नी ने बताया कि जब उसके पति के साथ मारपीट हुई, उस दौरान वह खुद मौके पर मौजूद थी। उसने इसका विरोध भी किया, लेकिन वार्ड ब्वॉय ने उसे बाहर जाने को कह दिया। इसके बाद वह बाहर चली गई थी। पत्नी ने बताया कि मंगलवार रात को यह घटना हुई है। उसने पुलिस से शिकायत कर तुरंत कार्रवाई करने की मांग की है। जिला मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक डॉ गोपाल कंवर ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए 5 सदस्य जांच टीम बनाई है एवं पूरे मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा के यदि मारपीट हुई है, तो यह गलत है। जांच रिपोर्ट आने पर तुरंत उचित कार्रवाई की जाएगी। जिला मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक का कहना है कि मरीज शराब और गांजा सेवन करता था,जिसके कारण लिवर में प्रॉब्लम थी और उसे खून की उल्टी हो रही थी। इलाज के दौरान वार्ड ब्वॉय सहायता कर रहा था, लेकिन पत्नी ने मारपीट का आरोप लगाया है। फिल हाल वार्ड ब्वॉय को उसके कार्य क्षेत्र से हटा दिया गया है। आगे जांच के बाद उचित कार्यवाही की जाएगी।

# भरतपुर के विभिन्न ग्राम पंचायतों किया गया स्वीप कार्यक्रम का आयोजन




**- संवाददाता -**
**मनेन्द्रगढ़,24 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी. राहुल वेंकट के निर्देशन एवं परियोजना निदेशक नितेश उपाध्याय के कुशल मार्गदर्शन में जिले भर में स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न माध्यमों से मतदाताओं का जागरूक किया जा रहा है। विगत दिवस ग्राम पंचायत में मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया। विकासखंड भरतपुर के ग्राम शेरी, कुदरा एवं मसौरा में मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जनपद पंचायत भरतपुर से स्वीप नोडल पवन सिंह चंदेल एवं सहायक नोडल हीरा सिंह के द्वारा करवाया गया। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों को 7 मई 2024 को होने वाले लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में मतदान करने एवं अपने आस पास के सभी लोगों को मतदान करने हेतु जागरूक करने प्रेरित किया गया।

# मतदाता जागरूकता अभियान पत्थलगांव नगर पंचायत,शासकीय महाविद्यालय सहित अन्य क्षेत्रों में निकाली गई जागरूकता रैली

**- संवाददाता -**

**जशपुरनगर,24 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिले भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जश-प्रण मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत पत्थलगाँव के नगर पंचायत, ठाकुर शोभा सिंह शासकीय महाविद्यालय सहित अन्य निकाय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित किया गया। पत्थलगाँव शहरी क्षेत्र में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। जागरूकता रैली के जरिये सभी मतदाताओं को मताधिकार का महत्व बताते हुए मतदान के प्रति जागरूक किया गया। भ्रमण के दौरान महिलाओं ने बैनर, पोस्टर और स्लोगन के साथ लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया।

**न्यायालय तहसीलदार पटना, जिला-कोरियर,(छ0ग0)**

रा0प्र0क्र0/ब-121/2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा समस्त ग्रामिण जनता ग्राम पाण्डवपारा को सूचित किया जाता है कि आवेदक /आवेदिका मिशलम खान, आ0 पति जुम्मन खान जाति मुसलमान निवासी ग्राम पाण्डवपारा ,थाना पटना तहसील ,पटना जिला - कोरिया के द्वारा आवेदन पत्र पेश कर निवेदन किया हैं कि मेरे पुत्र/पुत्री आशना खान के लिए आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के संबंधी (EWS प्रमाण पत्र ) आय प्रमाण पत्र प्रदाय किया जावे । आवेदन पत्र के साथ आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड शपथ पत्र अंकसुची बी-1 की छायाप्रति संग्लन किया हैं। । अतः जिस किसी हितबद्ध पक्षकार को उक्त प्रमाण पत्र जारी करने से कोई आपत्ति हो तो अपना आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 03/05/2024 तक उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं,नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । तद्नुसार कार्यवाही कर दी जावेगी ।

आज दिनांक 19/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया ।

(सील) तहसीलदार
पटना,जिला-कोरिया

**न्यायायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर जिला-सरगुजा,(छ0ग0)**

रा0प्र0क्र0 /अ-2/2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व - साधारण को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक नीलिमा यादव पिता विनोद गोपाल जाति अहीर , निवासी बौरीपारा तह0 अंबिकापुर, जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वमित्व एवं अधिपत्य की भुमि स्थित ग्राम-अंबिकापुर तह0 अंबिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) खसरा नं0 3669/20, रकबा 0.016, हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1,खसरा,नक्सा भूमि उपयोगिता प्रमाण पत्र,ले-आउट रजिस्ट्री की प्रति आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया हैं जो इस न्यायालय में विचाराधीन हैं ।

अतएवं उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित सुनवाई तिथि 28/04/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 12/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा से जारी।

(सील) अनुविभागीय अधिकारी
(रा0) अंबिकापुर

CMYK

संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

घटती घटना

खेल एवं मनोरंजन पेज

अम्बिकापुर ,गुरूवार 25 अप्रैल 2024



# आरसीबी के सामने सनराइजर्स की चुनौती

## आईपीएल चरण में तीन बार 250 रन का आंकड़ा पार कर चुकी सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने तूफानी बल्लेबाजी दिखायी

### हैदराबाद की निगाहें फिर से रनों का अंबार लगाने पर

**नई दिल्ली,24 अप्रैल 2024।** गुरुवार को हैदराबाद के उप्पल स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच आईपीएल 2024 का मैच खेला जाएगा। वहीं इस मैच में सनराइजर्स हैदराबाद की निगाहें आरसीबी के खिलाफ आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए रनों का अंबार लगाने की होगी।

इस आईपीएल चरण में तीन बार 250 रन का आंकड़ा पार कर चुकी सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने तूफानी बल्लेबाजी दिखायी है, इसमें मुंबई इंडियंस उसका सबसे पहला शिकार बनी और फिर बेंगलुरू में 2016 की विजेता टीम ने आरसीबी के खिलाफ तीन विकेट पर 287 रन बनाकर टूर्नामेंट का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा कर दिया। इतना ही काफी नहीं था कि एसआरएच ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पावरप्ले में बिना विकेट गंवाये 125 रन का रिकॉर्ड बनाने के साथ आईपीएल में पहली बार 300 रन पार करने की संभावना भी बना दी थी। और गुरुवार को भी अगर एसआरएच कुछ रिकॉर्ड बना दे तो हैरानी नहीं होगी।



आरसीबी को गेंदबाजी आक्रमण में सुधार की जरूरत है। आरसीबी के गेंदबाजी विभाग का अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि उसका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज यश दयाल सात विकेट से सूची में 24वें स्थान पर है। आठ में से सात मैच गंवाकर तालिका में निचले स्थान पर काबिज आरसीबी ने अपने पिछले पांच मैच में कम से कम 180 रन लुटाये हैं और पिछले दो मैच में प्रतिद्वंद्वी टीम ने उसके खिलाफ 200 से ज्यादा रन का स्कोर खड़ा किया है।

आरसीबी के बल्लेबाजों ने अपनी गेंदबाजी की खामियों की भरपायी करने के लिए काफी मशक्कत की है लेकिन संतुलन के मामले में इतनी कमजोर टीम के लिए हरफनमौला प्रदर्शन दिखाना असंभव ही दिखता है। आरसीबी ने बल्लेबाजी में शानदार जज्बा दिखाया लेकिन इसके बावजूद वे कोलकाता नाइट राइडर्स से महज एक रन से हार गये। हालांकि आरसीबी प्रबंधन उनके एकजुट बल्लेबाजी प्रयास से काफी संतुष्ट होगा। विराट कोहली टूर्नामेंट में अब तक आरसीबी के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बने रहेंगे जिन्होंने 379 रन बनाकर 'ओरेंज कैप' अपने पास रखी हुई है।

कोहली के अलावा कुछ और खिलाड़ी भी शानदार फॉर्म में हैं जिसमें एसआरएच के ट्रेविस हेड शामिल हैं। हेड आक्रामक होकर बल्लेबाजी करते हैं और मिले हर मौके का फायदा उठाते हैं। अभिषेक शर्मा ने भी हेड के साथ अच्छी बल्लेबाजी दिखायी है और हेनरिच क्लासेन ने भी इस सत्र में बल्ले से अच्छा योगदान दिया है। एसएआरएच की मजबूत बल्लेबाजी ने उनके गेंदबाजों और कप्तान पैट कमिंस का काम आसान कर दिया है। एसआरएच सात मैच में 10 अंक लेकर तालिका में तीसरे स्थान पर बनी हुई है।

**टीमें इस प्रकार हैं:**

**सनराइजर्स हैदराबादः**-पैट कमिंस (कप्तान), अब्दुल समद, अभिषेक शर्मा, ऐडन मार्कराम, मार्को जानसन, राहुल त्रिपाठी, वाशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स, सनवीर सिंह, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), भुवनेश्वर कुमार, मयंक अग्रवाल, टी नटराजन, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक मारकंडे, उपेन्द्र सिंह यादव (विकेटकीपर), उमरान मलिक, नीतिश कुमार रेड्डी, फजलहक फारूकी, शाहबाज अहमद, ट्रेविस हेड, जयदेव उनादकट, आकाश सिंह, जे सुब्रमण्यन।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरुः**- फाफ डुप्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत (विकेटकीपर), दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), सूयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशाक, आकाशदीप, मोहम्मद सिराज, रीस टॉप्ले, हिमांशु शर्मा, रंजन कुमार, कैमरन ग्रीन, अल्जारी जोसफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फरग्यूसन, स्वप्निल सिंह और सौरव चौहान।



## ईरानी फुटबॉलर ने महिला फैन को लगाया गले,क्लब ने लगाया जुर्माना

**तेहरान,24 अप्रैल 2024।**ईरान के इंटरनेशनल गोलकीपर होसैन होसैनी को ईरान प्रो लीग मैच के बाद अरक स्टेडियम में एक महिला फैन को गले लगाना भारी पड़ गया। जिसके बाद फुटबॉल क्लब ने निलंबित कर जुर्माना ठोका है। वह फैन, जिसने हिजाब पहन रखा था, होसैन होसैनी तक पहुंचने में कामयाब रही और खिलाड़ी ने उसे गले लगा लिया। अब इस मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। होसैनी जीनके पास ईरान के लिए 11 कैप हैं, उनको मैच सुरक्षा अधिकारियों के प्रति दुर्व्यवहार के लिए एक मैच के लिए निलंबित कर दिया गया और 4.400 यूरो का जुर्माना लगाया गया।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### दक्षिण एशियाई ट्रायथलॉन चैंपियनशिप में भारत की कमान संभालेंगे प्रज्ञा मोहन, मुरलीधरन सिनिमोल

**नई दिल्ली,24 अप्रैल 2024।** प्रज्ञा मोहन और आदर्श मुरलीधरन सिनिमोल 27 अप्रैल को नेपाल के पोखरा में एशिया ट्रायथलॉन कप के साथ आयोजित होने वाली 2024 दक्षिण एशियाई ट्रायथलॉन चैंपियनशिप में एक मजबूत भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। प्रतियोगिता एक स्प्रिंट दौड़ है जिसमें 750 मीटर तैराकी, 20 किमी साइकिल और 5 किमी दौड़ शामिल है। भारत ने पिछले संस्करण में पोडियम स्थान हासिल किया था, जिसमें देश की सबसे प्रसिद्ध महिला ट्रायथलीट प्रज्ञा ने अपना लगातार तीसरा दक्षिण एशियाई खिताब जीता था, जबकि महिलाओं की समग्र श्रेणी में नौवां स्थान भी हासिल किया था। महाराष्ट्र की संजना जोशी और मानसी मोहिते की जोड़ी, जिन्होंने पिछले साल गुजरात की प्रज्ञा के बाद क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता था, महिला एलीट क्षेत्र में 13 भारतीय एथलीटों का हिस्सा हैं। सर्विसेज के मुरलीधरन सिनिमोल, जो पिछले साल तीसरे स्थान पर रहे थे, 2022 में विजेता थे, और पुरुषों के एलीट क्षेत्र में भारत के प्रभारी थे, जिसमें तेलहेइबा सोरम और क्षेत्रिमायुम कबिदश सिंह की होनहार मणिपुर जोड़ी शामिल है।




## विश्व नंबर 1 के रूप में 100-सप्ताह के क्लब में शामिल हुईं स्वीयाटेक

**मैड्रिड,24 अप्रैल 2024।** दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी इगा स्वीयाटेक हाल ही में डब्ल्यूटीए रैंकिंग के शीर्ष पर 100 सप्ताह बिताने वाली नौवीं खिलाड़ी बनने की उपलब्धि पर पहुंची हैं। इस उपलब्धि पर विचार करते हुए,स्वीयाटेक ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि इस मील के पत्थर को समझना कठिन है क्योंकि यह बहुत तेजी से हुआ है। डब्ल्यूटीए रैंकिंग के शिखर पर 100 सप्ताह बिताने वाले नौ खिलाड़ियों के चुनिंदा समूह में स्वीयाटेक 22 साल 326 दिन की उम्र में यह उपलब्धि हासिल करने वाली मार्टिना हिंगिस, मोनिका सेलेस, स्टेफनी ग्राफ और क्रिस एवर्ट के बाद पांचवीं सबसे कम उम्र की खिलाड़ी हैं। स्वीयाटेक ने 100 क्लब में शामिल होने के बारे में कहा, ईमानदारी से कहूं तो मेरे लिए इसे समझ पाना कठिन है क्योंकि यह बहुत तेजी से हुआ। मैंने कभी उस पद पर रहने की उम्मीद नहीं की थी। स्वीयाटेक ने



मंगलवार को मैड्रिड ओपन प्री-टूर्नामेंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, वास्तव में, खेल में इतने लंबे समय तक शीर्ष पर रहना कुछ ऐसी बात है जो मुझे वास्तव में गौरवान्वित करती है। मुझे लगता है कि हमने कभी-कभी कुछ कठिन निर्णय लिए हैं। मेरे पास अच्छे लोग हैं जो मेरा मार्गदर्शन कर रहे हैं और मेरी मदद कर रहे हैं, इसलिए निश्चित रूप से मैं यहां नहीं होती अगर मैं इसे स्वयं करती और मैं वास्तव में आभारी हूं कि सब कुछ ऐसा हुआ। चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने पहली बार अप्रैल 2022 में शीर्ष स्थान हासिल किया था जब एश्ले बार्टी ने टेनिस से संन्यास ले लिया था और तब से शिखर पर बनी हुई है, पिछले सीजन् में आठ सप्ताह की अवधि को छोड़कर जब आर्यना सबालेंका ने उनकी जगह ली थी। उसने आगे कहा, जैसा कि आप जानते हैं, विशेष रूप से पिछले साल, नंबर 1 पर वापस आना एक बड़ी बात थी और यह अप्रत्याशित तरीके से हुआ, इसलिए मुझे खुद पर गर्व है कि मैं इसके साथ आने वाले सभी दबावों का सामना कर सकी। लेकिन कुल मिलाकर यह एक तरह का मज़ा है। डब्ल्यूटीए आंकड़ों के अनुसार, स्वीयाटेक पहली बार विश्व नंबर 1 पर पहुंचने के 749 दिन बाद मील के पत्थर तक पहुंच जाएंगी-ग्राफ, एवर्ट और सेलेस के बाद 100 सप्ताह तक पहुंचने वाली चौथी सबसे तेज खिलाड़ी। स्पेन की राजधानी में पहुंचकर, स्वीयाटेक विश्व नंबर 1 के रूप में अपना 100वां सप्ताह मना रही है।

## इटालियन कप फाइनल में पहुंचे जुवेंटस



**रोम,24 अप्रैल 2024।।** जुवेंटस ने सेमीफाइनल में लाजियो पर 3-2 के कुल स्कोर से जीत के साथ इटालियन कप फाइनल में जगह बनाई।

83वें मिनट में स्थानापन्न के रूप में आने के बाद अर्कादियुज़ मिलिक ने कुछ सेकंड बाद गोल करके ओल्ड लेडी को स्टैडियो ओलम्पिको में भेजा।

रोम में मैच के 12 मिनट बाद लाजियो के वैलेन्टिन कैस्टेलानोस ने बढ़त बनाई और हाफ टाइम के तीन मिनट बाद टाई में अपना दूसरा गोल जोड़ा।

दूसरा चरण 2-1 से हारने के बावजूद, मासिमिलियानो एलेग्री की टीम आगे बढ़ी।

ट्यूरिन में पहला चरण 2-0 से हारने के बाद, लाजियो को सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीद थी जब कैस्टेलानोस ने एक कॉर्नर पर हैडर से गोल कर दिया।

स्ट्राइकर ने ब्रेक के ठीक बाद मटिया पेरिन से आगे एक नीचा शॉट गोल में ड्रिल करके, मंगलवार रात को लाजियो को 2-0 से आगे कर दिया, और कुल स्कोर पर बराबरी कर ली।

जैसे ही खेल अतिरिक्त समय की ओर बढ़ रहा था, पोलैंड के अंतर्राष्ट्रीय मिलिक ने एक खाली गोल में गेंद पहुंचकर जुवे को फियोरेंटीना या अटलांटा के खिलाफ फाइनल में पहुंचा दिया।

खिलाड़ियों ने अंतिम सीटी बजने पर यह जानते हुए जश्न मनाया कि 18 मई को कप फाइनल में उनकी उपस्थिति न केवल इस अभियान में ट्रॉफी का सपना जीवित रखती है बल्कि अगले सीजन में इटालियन सुपर कप तक पहुंच की गारंटी भी देती है।

## आरती सिंह की संगीत सेरेमनी में क्यूट कपल लगे अंकिता लोखंडे-विक्की जैन,रश्मी देसाई ने बिखेरा जलवा



टेलीविजन एक्ट्रेस और कृष्णा अभिषेक की बहन आरती सिंह 25 अप्रैल को अपने मंगेतर दीपक चौहान से शादी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। कपल ने इस सप्ताह की शुरुआत में अपने प्री-वेडिंग सेरेमनी की शुरुआत की। मंगलवार की रात, आरती और दीपक ने दोस्तों और परिवार की उपस्थिति में एक संगीत समारोह की मेजबानी की। हाल ही में दुल्हन आरती सिंह को शानदार हरे रंग का लहंगा पहने देखा गया, जबकि उनके मंगेतर को प्रिंटेड कुर्ता पहने हुए उनकी तारीफ करते देखा जा सकता है। एक तस्वीर में दुल्हन बनीं आरती को दीपक के करीब देखा जा सकता है। एक अन्य तस्वीर में दीपक और आरती अपने परिवार के साथ पोज देते हुए नजर आ रहे हैं। आरती के भाई कृष्णा अभिषेक भी इस जोड़े के साथ एक खुशहाल तस्वीर में शामिल हुए।

**संगीत सेरेमनी में शामिल हुए ये टीवी के सितारे**

संगीत में शामिल होने वाले अन्य लोगों में अंकिता लोखंडे, विक्की जैन, रश्मि देसाई, युविका सिंह, देवोलीना भट्टाचार्जी, करण सिंह ग्रोवर, किश्वर मर्चेंट, शेफाली अपने पति पराग के साथ शामिल थीं।

**हल्दी की तस्वीरें वायरल हुई**

इससे पहले एक्ट्रेस के हल्दी फंक्शन की कई तस्वीरें और वीडियो इंटरनेट पर वायरल हुए थे। वायरल वीडियो में से एक में आरती सिंह को दीपक के गालों पर किस करते हुए खुशी से नाचते हुए देखा जा सकता है। इस जश्न में उनके भाई कृष्णा अभिषेक और भाभी कश्मीरा शाह भी शामिल हुए।

**आरती सिंह ने इंस्टाग्राम पर शेयर की तस्वीरें**

आरती सिंह ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर दो तस्वीरें शेयर की हैं। तस्वीरें शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, सबसे खूबसूरत रंग, हल्दी का रंग, मेरे प्यार के रंग। (सबसे खूबसूरत रंग, हल्दी का रंग) इससे ज्यादा खुशी नहीं हो सकती क्योंकि सपने हकीकत में बदल गए हैं।

**आरती ने बताया कि ये शादी एक अरेंज मैरिज है**

अपनी शादी के बारे में बात करते हुए, आरती सिंह ने ईटाइम्स टीवी को बताया कि यह ÷पूरी तरह से अरेंज मैरिज है। जाहिर तौर पर प्रेमालाप का एक दौर था जहां हम एक-दूसरे को बेहतर तरीके से जानना चाहते थे और अपनी अनुकूलता का आकलन करना चाहते थे। हमने पहली बार पिछले साल 23 जुलाई को बात की थी और उनके जन्मदिन (5 अगस्त) के बाद मिले थे।

जैसे-जैसे चीजें आगे बढ़ीं, मैंने नवंबर में इस रिश्ते के लिए प्रतिबद्ध होने का फैसला किया। हालांकि, हम तब तक आगे नहीं बढ़े जब तक कि हमारे दोनों परिवारों ने हमारे मिलन को मंजूरी नहीं दे दी, 1 जनवरी को दीपक ने दिल्ली में मेरे गुरुजी के मंदिर में एक अंगूठी के साथ मेरे सामने शादी का प्रस्ताव रखा मैंने हां कहा, मैं उस पल को अपनी सगाई मानती हूं।

## तापसी और रकुल की शादी मेरे लिए काफी भावुक पल था : लक्ष्मी मांचू



एक्ट्रेस लक्ष्मी मांचू ने खुलासा किया है कि उनकी खास दोस्त तापसी पन्नू और रकुल प्रीत सिंह की शादियों के दौरान उनकी भूमिका सबसे अच्छी थी।तापसी ने 23 मार्च को उदयपुर में अपने लॉन्ग टाइम ब्वॉयफ्रेंड मैथियास बो के साथ शादी की, जबकि रकुल ने 21 फरवरी को गोवा में एक्टर-प्रोड्यूसर जैकी भगनानी के साथ सात फेरे लिए।लक्ष्मी ने बताया कि उन्होंने अपनी दोस्त तापसी और रकुल की शादी में दुल्हन की सहेली की भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा, मेरे पास दुल्हन की सहेली की बड़ी जिम्मेदारी थी। रकुल को सेट पर रहना ज्यादा पसंद था।रकुल चाहती थी कि हर कोई समय पर आए, समय पर वहां पहुंचे और समय से तैयार रहे। मुझे लगता है कि वह इसको लेकर काफी गंभीर थी।इसके बाद 46 वर्षीय एक्ट्रेस ने तापसी की शादी के बारे में बात करते हुए इसे कूल बताया।तापसी बिल्कुल ऐसी है, शांत। जब तुम्हें वहां आना हो तो आ जाओ। इसलिए उन दोनों के साथ यह बिल्कुल अलग था।एक्ट्रेस ने कहा कि उनकी शादियों को देखना उनके लिए इमोशनल मोमेंट था।लक्ष्मी ने कहा, उन दोनों की शादी मेरे लिए बहुत इमोशनल मोमेंट था, क्योंकि हमारी दोस्ती 10 सालों से भी ज्यादा समय की है। उन्हें न केवल अपने करियर के साथ, बल्कि अपनी पर्सनल लाइफ के साथ भी पूरी तरह से जुड़ते हुए देखना, मेरा लिए बेहद खास था। मैं बस इतना ही कह सकती हूं।




## अनिल कपूर और अजय देवगन साथ में मचाएंगे धमाल

### दे दे प्यार दे 2 में आएंगे नजर

हाल ही में रिलीज हुई फिल्म मैदान में अजय देवगन के अभिनय की काफी सराहना की जा रही है। इस फिल्म में अजय फुटबॉल कोच एस.ए. रहीम की भूमिका में नजर आ रहे हैं। इसी बीच उनकी आने वाली फिल्म दे दे प्यार दे 2 को लेकर बड़ी खबर आ रही है। अजय ने रकुलप्रीत सिंह और तब्बू के साथ 2019 की रोमांस-कॉमेडी दे दे प्यार दे में अभिनय किया। फिल्म का निर्देशन प्यार का पंचनामा फेमस फिल्ममेकर लव रंजन ने किया था। अब इस फिल्म के अगले पार्ट को लेकर अफवाहें शुरू हो गई हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस फिल्म के दूसरे पार्ट के लिए एक और बड़े एक्टर को अप्रोच किया गया है।


**दे दे प्यार दे 2 में अनिल कपूर नजर आ सकते हैं**

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस फिल्म के लिए सदाबहार एक्टर अनिल कपूर को अप्रोच किया गया है। कहा जा रहा है कि अनिल को कहानी पसंद आई और उन्होंने इस पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। बताया जा रहा है कि इस बार फिल्म में दर्शकों को दोगुना मजा आने वाला है। फिल्म में अजय और अनिल के किरदारों के बीच का टकराव लोगों को हंसाएगा। इसके अलावा, एक करीबी सूत्र ने बताया कि दोनों कलाकार भी इन किरदारों को निभाने के लिए उत्साहित हैं।

## स्टारडम का ऐसा चढ़ा नशा मिथुन ने रिजेक्ट कर दी ये फिल्म,अनिल को मिला मौका बन गए सुपरस्टार,पर नाराज हो गईं पद्मिनी कोल्हापुरे

किसी भी सितारे की किस्मत चमकाने के लिए बस एक मौका ही काफी होता है। तस्वीर में जिस फिल्म की एक झलक नजर आ रही है, वो फिल्म अनिल कपूर की जिंदगी के लिए वैसा ही एक मौका था। खुद अपने बड़े भाई की फिल्म होते हुए भी ये मौका हासिल करना आसान नहीं था। अनिल कपूर को फिल्म में कास्ट करने के बाद पहले तो प्रोड्यूसर ने हाथ पीछे खींच लिए. और उसके बाद फिल्म की एक्ट्रेस पद्मिनी कोल्हापुरी नाराज हो गईं। इसके बाद अनिल कपूर और बोनी कपूर ने ऐसी तिकड़म भिड़ाई की फिल्म जैसे चाहते थे वैसी बनी भी और मुनाफा भी खूब हुआ।

### अनिल की वो फिल्म जो पहले थी मिथुन के नाम !



**मिथुन ने कर दिया इंकार**

हम पांच की सक्सेस के बाद बोनी कपूर इस मूवी के पर काम कर रहे थे, जिसका नाम था वो सात दिन. इस फिल्म के लिए वो मिथुन चक्रवर्ती को साइन करना चाहते थे। लेकिन मिथुन चक्रवर्ती तब तक बड़ा सितारा बन चुके थे, जिन्होंने फिल्म से इंकार कर दिया. अनिल कपूर उन दिनों फिल्म हासिल करने के लिए चप्पलें घिस रहे थे। उन्होंने अपने भाई से रिक्वेस्ट की और बात बन गई. बोनी कपूर ने अनिल कपूर को साइन तो कर लिया, लेकिन एक नए चेहरे को लेने की खबर फैलते ही प्रोड्यूसर ने हाथ पीछे खींच लिए और फिल्म के लिए साइन हो चुकी पद्मिनी कोल्हापुरी ने भी नाराजगी जताई।

**इस तिकड़म से बनी बात**

अनिल कपूर ये समझ चुके थे कि फिल्म में उनके जैसे रिजेक्टेड आर्टिस्ट के साथ काम करने के लिए पद्मिनी कोल्हापुरी को मनाना जरूरी होगा। और बोनी कपूर को ये समझ आ चुका था कि कोई ऐसा नाम मूवी से जोड़ना होगा जिसे सुनते ही प्रड्यूर्स फिर लाइन लगा कर खड़े हो जाएं. इसलिए बोनी कपूर ने नसीरुद्दीन शाह को फोन किया और उनकी मुंह मांगी फीस पर उन्हें साइन किया। नसीरुद्दीन शाह के नाम से प्रोड्यूसर्स फिर फिल्म पर दांव लगाने के लिए तैयार हो गए। दूसरी तरफ पद्मिनी कोल्हापुरी को मनाने के लिए अनिल कपूर रोज उन्हें स्वादिष्ट खाने से भरा टिफिन भेजने लगे। तब उनकी भी बात बन गई, जिसके बाद फिल्म पूरी बनी और हिट भी रही।

AMBIKAPUR 25 APRIL 2024_Layout 2 4/24/2024 12:40 PM Page 8



# आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के भुगतान का 800 करोड़ रुपया बकाया

## आईएमए ने काम बंद करने की दी चेतावनी

**रायपुर,24 अप्रैल 2024(ए)।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन रायपुर ब्रांच की सामान्य सभा हुई जिसमें मुख्य रूप से आयुष्मान योजना के तहत अस्पतालों को पिछले कई महीनों से लंबित भुगतान को लेकर चर्चा हुई। इस मौके पर उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से लंबित भुगतान मिलने तक आयुष्मान योजना के तहत इलाज को किये जाने पर सहमति जताई।

### बंद होने के कगार पर हैं कई अस्पताल

आईएमए के सलाहकार डॉ राकेश गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में आयुष्मान योजना के तहत अस्पतालों में मरीजों का मुफ्त इलाज किया जा रहा है, इसमें आने वाले खर्च का भुगतान केंद्र सरकार 60 प्रतिशत एवं राज्य सरकार 40 प्रतिशत करती है। मगर पिछले कई महीनों से अस्पतालों का भुगतान नहीं किया गया है और आयुष्मान योजना का बकाया 800 करोड़ तक जा पहुंचा है। इसके अलावा मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना सहित अन्य योजनाओं का भी करोड़ों रुपया बकाया है। डॉ गुप्ता ने बताया कि बकाये पैसे का भुगतान नहीं होने के चलते कई बड़े और छोटे अस्पताल बंद होने के कगार पर आ गए हैं। कई अस्पतालों ने तो इस योजना के तहत इलाज करना बंद भी कर दिया है। आयुष्मान के बकाये को लेकर आईएमए के सदस्यों ने बैठक में विचार विमर्श किया और तय किया कि सदस्य प्रदेश के अन्य शाखाओं से भी बातचीत करेंगे ताकि वित्तीय प्रबंधन के अभाव मे सीमित काम करने या योजना के तहत काम करना बंद करने पर विचार किया जा सके।






### कुछ राज्यों में बंद है मरीजों का इलाज

डॉ जैन ने कहा कि आईएमए गरीब व ज़रूरतमंद लोगों के इलाज के लिए प्रतिबद्ध है , लेकिने अनियमित भुगतान की वजह से कर्तव्य का पालन करने में दिक्कतें आ रही हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा और गुजरात में अस्पतालों ने अनियमित भुगतान की समस्या होने के कारण आयुष्मान योजना से मरीज़ों का इलाज पूर्णतया बंद कर दिया है।

आईएमए रायपुर के महासचिव डॉ दिग्विजय सिंह ने बताया कि आई एम ए ने दूरस्थ एवं कम सुविधा युक्त अस्पतालों में काम करने वाले सदस्यों को सलाह दी है कि वो मरीज़ के इलाज करने में अपनी व्यावसायिक प्रतिबद्धता एवं इलाज की गुणवत्ता का ध्यान रखें। आयुष्मान योजना में लगातार आ रही कठिनाइयों को लेकर प्रदेश स्तर पर डॉक्टरों का एक प्रतिनिधिमंडल शासन स्तर पर अधिकारियों से मिलेगा।

### स्वास्थ्य मंत्री और मुख्य सचिव से केवल मिला आश्वासन

हॉस्पिटल बोर्ड आईएमए रायपुर के अध्यक्ष डॉ अनिल जैन ने बताया कि आईएमए रायपुर शाखा के पदाधिकारी पिछले 4 महीनो में स्वास्थ्य मंत्री से दो बार व अतिरिक्त मुख्य सचिव रेणु पिल्ले से मुलाक़ात कर आयुष्मान योजना के तहत अस्पतालों के लम्बित भुगतान के बारे में अवगत करा चुके हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने जल्द ही भुगतान का आश्वासन दिया था, लेकिन इस पर तीव्र गति से प्रयास नही किया गया, जिससे अस्पतालों मे इस योजना को लेकर रोष है।

# जग्गी हत्याकांड में अभय गोयल को सुप्रीम कोर्ट से राहत

## सरेंडर करने के लिए 6 हफ्ते का मिला समय

**रायपुर,24 अप्रैल 2024(ए)।** राज्य के बहुचर्चित जग्गी हत्याकांड के 5 आरोपियों को सुप्रीम कोर्ट से सरेंडर की मोहलत मिलने के बाद एक अन्य आरोपी अभय गोयल को भी वक्त मिल गया है। अभय गोयल को सरेंडर करने के लिए 6 हफ्ते का वक्त मिला है। 6 हफ्ते बाद अभय गोयल को रायपुर के एस्ट्रोसिटी कोर्ट में सरेंडर करना होगा। इससे पहले सजा पाने वाले 5 अभियुक्त याहया ढेबर और सूर्यकांत तिवारी के अलावा तात्कालीन कोतवाली सीएसपी अमरीक सिंह गिल, मौदहापारा टीआई वीके पांडे और क्राइम ब्रांच प्रभारी आरसी त्रिवेदी को सुप्रीम कोर्ट से सरेंडर के लिए तीन हफते का समय मिला है। सेशन कोर्ट ने जग्गी हत्याकांड के 28 आरोपियों को 2007 में सजा सुनाई थी। इस सजा के खिलाफ अभियुक्तों की तरफ से अलग-अलग याचिकाएं छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में लगाई गई थीं। अलग-अलग मामलों में सुनवाई के बाद 29 फरवरी को सभी पक्षों को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया गया था। बाद में इसमें आदेश हुआ, जिसमें हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट की सजा को बरकरार रखा और एक हफ्ते में सभी अभियुक्तों को सरेंडर करने को कहा गया था। इसके बाद पांच लोगों ने याचिकाएं लगाईं, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने तीन पुलिस अफसरों सहित 5 अभियुक्तों को तीन हफ्ते का वक्त दिया। अब मामले के एक अन्य अभियुक्त अभय गोयल को भी 6 हफ्ते का वक्त सरेंडर करने के लिए मिल गया है। अब तक ट्रायल कोर्ट में शूटर विनोद सिंह राठौर और चिमन सिंह ने सरेंडर किया है। कोर्ट ने सभी अभियुक्तों को वारंट जारी किया था। एनसीपी नेता रामअवतार जग्गी की हत्या 4 जून 2003 को हुई थी। तब सूबे में जोगी सरकार थी। 2003 के विधान सभा चुनावों में जब अजीत जोगी सरकार हटी और रमन सिंह मुख्यमंत्री बने तो सीबीआई जांच हुई। सीबीआई ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के बेटे अमित जोगी को भी मुख्य आरोपी बनाया था। सेशन कोर्ट ने 31 मई 2007 को अमित जोगी को बरी कर दिया, जबकि 28 लोगों को सजा सुनाई थी। दो आरोपी बुलटू पाठक और सुरेश सिंह सरकारी गवाह बन गए थे।





### ये हैं इस हत्याकांड में सजा पाने वाले

इस मामले के आरोपियों में याह्या ढेबर, अभय गोयल, शिवेंद्र सिंह परिहार, फिरोज सिद्दीकी, विक्रम शर्मा (मृत्यु), चिमन सिंह, विनोद सिंह राठौड़, राकेश कुमार शर्मा उर्फ बब्बू, संजय सिंह कुशवाहा उर्फ चुन्नू, रविंद्र सिंह उर्फ रवि, राजू भदोरिया, एन शर्मा, सत्येंद्र सिंह, विवेक सिंह भदोरिया, लाला भदोरिया, सुनील गुप्ता, अनिल पचौरी, हरीश चंद्रा, बुलटू पाठक (मृत्यु), सुरेंद्र सिंह, सूर्यकांत तिवारी, अमरीक सिंह गिल, वीके पांडे, आरसी त्रिवादी, अविनाश उर्फ लल्लन सिंह, जामबंद उर्फ बबलू, श्याम सुंदर उर्फ आनंद शर्मा, विनोद सिंह उर्फ बादल, विश्वनाथ राजभर, अशोक सिंह भदोरिया को सजा मिली थी।




# एसीबी ने महादेव ऐप मामले में शुरू की गिरफ्तारी,दो अरेस्ट

**रायपुर,24 अप्रैल 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ में चर्चित महादेव ऐप मामले में फरार दो बड़े आरोपियों को एसीबी की टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी राहुल वकटे को टीम ने दिल्ली व रितेश यादव को गोंवा से पकड़ा है। अगस्त 2023 में चंद्रभूषण वर्मा की गिरफ्तारी के बाद से दोनों आरोपी फरार थे। जानकारी के मुताबिक, एसीबी मुख्यालय में दोनों आरोपी पर 120 बी, 34, 420, 467, 467, 471 भादंवि व धारा 7,11 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 2018 के तहत अपराध दर्ज है। एसीबी की टीम लगातार दोनों आरोपियों की पता तलाशी कर रही थी। इसी बीच एसीबी की टीम को राहुल वकटे के दिल्ली व रितेश के गोंवा में छुपे होने की सूचना मिली। टीम ने बीना कोई देरी किए दोनों आरोपियों को लोकेट किया। दोनों पिछले आठ माह से वहां छुपे हुए थे।



# पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा को 5 दिन ईडी को रिमांड पर सौंपा


## 29 अप्रैल तक ईडी अनिल टुटेजा से पूछताछ कर सकेगी

**रायपुर,24 अप्रैल 2024 (ए)।** आबकारी घोटाले मामले में पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा को 5 दिन ईडी को रिमांड पर सौंपा। यानि 29 अप्रैल तक ईडी अनिल टुटेजा से पूछताछ कर सकेगी। उसके बाद पीएमएलए कोर्ट में पेश करना होगा। बता दें कि छत्तीसगढ़ में शराब घोटाला केस में 8 अप्रैल को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की ईसीआईआर को सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दिया था। इसके साथ ही अनिल टुटेजा और उनके बेटे यश समेत 6 आरोपियों को राहत मिली थी। लेकिन, सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद ही इस केस में एसीबी-ईओडब्ल्यू की एफआईआर को अधार बनाते हुए प्रवर्तन निदेशालय ने नई एफआईआर दर्ज की है। इस मामले पर ईडी नए सिरे से जांच कर रही है।

ईडी ने अनिल टुटेजा की गिरफ्तारी में कई आधार बताए हैं। करीब 16 पन्नों पर ईडी ने ग्राउंड ऑफ अरेस्ट का ब्योरा दिया है। ईडी ने कहा है कि शराब घोटाले में अनवर ढेबर ने सिंडिकेट बनाया और उस सिंडिकेट को सबसे ज्यादा पावर अनिल टुटेजा से मिलती थी, जो कंट्रोलर की भूमिका में थे। ईडी ने उन्हें आर्किटेक्ट ऑफ लिकर स्कैम बताया है। सूत्रों के मुताबिक ईडी ने लोगों को समंस भेजना भी शुरू कर दिया है। ईओडब्ल्यू की ओर से की गई एफआईआर में 70 लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई है। बताया जा रहा है कि फ्रेश ईसीआईआर भी वही नाम शामिल हैं। ईडी सभी को पूछताछ करने के लिए समंस भेज रही है।

# महादेव सट्टा ऐप के दो आरोपियों को मिली 6 दिन की रिमांड

**रायपुर,24 अप्रैल 2024(ए)।** महादेव सट्टा ऐप मामले में दो आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां कोर्ट ने आरोपी रितेश यादव और राहुल वकटे को 6 दिन की रिमांड पर ईओडब्लू को सौंपा. मिथलेश वर्मा सरकारी वक़ील अभियोजन ईओडब्लू ने बताया, ईओडब्ल्यू अब दोनों आरोपियों से पूछताछ करेगी. बता दें कि महादेव सट्टा मामले में दोनों आरोपियों को गिरफ़्तार किया गया है. चन्द्रभूषण वर्मा की गिरफ़्तारी के बाद दोनों फ़रार चल रहे थे. गिरफ़्तारी के बाद आज दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां दोनों को 30 अप्रैल तक ईओडब्ल्यू की रिमांड पर भेजा गया. अब ईओडब्ल्यू दोनों आरोपियों से पूछताछ करेगी। ईओडब्ल्यूने दोपहर को की थी गिरफ्तारी छत्तीसगढ़ में चर्चित महादेव ऐप मामले में फरार दो बड़े आरोपियों को एसीबी की टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी राहुल वकटे को टीम ने दिल्ली व रितेश यादव को गोंवा से पकड़ा है। अगस्त 2023 में चंद्रभूषण वर्मा की गिरफ्तारी के बाद से दोनों आरोपी फरार थे। जानकारी के मुताबिक, एसीबी मुख्यालय में दोनों आरोपी पर 120 बी, 34, 420, 467, 467,471 भादंवि व धारा 7,11 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 2018 के तहत अपराध दर्ज है। एसीबी की टीम लगातार दोनों आरोपियों की पता तलाशी कर रही थी। इसी बीच एसीबी की टीम को राहुल वकटे के दिल्ली व रितेश के गोंवा में छुपे होने की सूचना मिली। टीम ने बीना कोई देरी किए दोनों आरोपियों को लोकेट किया। दोनों पिछले आठ माह से वहां छुपे हुए थे। दोनों से पूछताछ में पता चला कि राहुल वकटे हवाला के जरिये ही पैसे प्राप्त कर चन्द्रभूषण वर्मा सतीश वर्मा तक पहुंचाता था। दूसरा आरोपी रितेश यादव पुणे में महादेव ऐप सट्टा का पैनल संचालन करता था। जांच में ये भी पता चला है कि राहुल वकटे के नाम से 3 रजिसटर्ड फर्म भी है, जिसमें बड़ी मात्रा में आरोपियों द्वारा कैश जमा करवाया जाता था। एसीबी की टीम ने हवाला के 43 लाख रूपए फ्रीज कराया गया है। मालूम हो कि रितेश यादव पुणे में महादेव सटटा ऐप का संचालन कर रहा था। इस मामले में पुणे पुलिस के सहयोग से रेड कार्रवाई की गई थी। टीम ने इस दौरान आठ आरोपियो को पकड़ा था।




# विष्णुदेव साय सरकार ने सीबीआई को राज्य में कहीं भी कार्यवाही करने की दे दी अनुमति




## सीएम विष्णुदेव साय का बड़ा फैसला, अधिसूचना जारी

**रायपुर,24 अप्रैल 2024(ए)।** राज्य सरकार ने केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई को पूरे प्रदेश में अब कहीं भी छापेमारी सहित अन्य कार्यवाही करने की अनुमति दे दी है। राज्य सरकार ने सीबीआई को विभि- न धाराओं के तहत पूरे प्रदेश की सीमा में कहीं भी कार्यवाही करने की सहमति दे दी है। उल्लेखनीय है कि, दिसंबर 2018 में राज्य में सत्ता परिवर्तन हुआ था और बड़े बहुमत के साथ कांग्रेस सरकार में आई थी। कांग्रेस की सरकार आते ही उन्होंने 10 जनवरी 2019 में सीबीआई को दी गई सहमति तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी थी।इसकी वजह से 2019 के बाद से अभी तक प्रदेश में राज्य सरकार से संबंधित सं- थानों और मामलों में सीबीआई की जांच नहीं हुई है। बीजेपी की सरकार बनने के बाद अब राज्य की विष्णुदेव साय सरकार ने फिर से सीबीआई को राज्य की सीमा में कार्यवाही करने की अनुमति दे दी है। राज्य सरकार की तरफ से जारी अधिसूचना के अनुसार सीबीआई राज्े य में आईपीसी की धारा 147, 148, 149, 336, 307, 302 और 120बी के तहत राज्े य की सीमा में कहीं भी कार्यवाही कर सकती है।

# पुलिस की अपील का माओवादियों पर व्यापक असर

- » 18 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण
- » अब तक 738 माओवादी कर चुके हैं घर वापसी




**दंतेवाड़ा,24 अप्रैल 2024 (ए)।** लोन वर्राटू अभियान से प्रभावित होकर 18 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। ये सभी भैरमगढ़ और मलांगेर एरिया कमेटी में सक्रिय थे। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लगातार पुलिस को सफलता मिल रही है।

पुलिस की अपील का माओवादियों पर व्यापक असर हो रहा है। हिंसा की राह छोड़कर लोकतंत्र और सविंधान में विश्वास जताते हुए 'लोन वर्राटू अभियान' से प्रभावित होकर 18 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पित माओवादी भैरमगढ़ और मलांगेर एरिया कमेटी में सक्रिय थे। ये सभी माओवादी नक्सली बंद के दौरान रोड खोदना, पेड़ काटना और नक्सली बैनर पोस्टर लगाने की घटनाओं में शामिल थे. बता दें कि लोन वर्राटू अभियान के तहत अब तक 177 इनामी माओवादी समेत कुल 738 माओवादी आत्मसमर्पण कर चुके हैं।



# प्रेस वार्ता में भूपेश बघेल पर लगाया गंभीर आरोप

## विभा सिंह ने की दिवंगत एमएलए देवव्रत की मौत की जांच की मांग

**राजनांदगांव,24 अप्रैल 2024 (ए)।** खैरागढ़ के पूर्व विधायक दिवंगत देवव्रत सिंह की पत्नी विभा सिंह ने लोकसभा चुनाव के माहौल के बीच कांग्रेस प्रत्याशी व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर चुनाव प्रचार के दौरान पूर्व तलाकशुदा पत्नी पदमा सिंह को पत्नी के रूप में प्रचारित करने के मामले में कड़ी आपत्ति की है। विभा सिंह का कहना है कि बघेल की इस हरकत से स्व. देवव्रत सिंह की आत्मा को ठेस पहुंच रही है। लोकसभा चुनाव जीतने के लिए बघेल की ओर से खैरागढ़ में पदमादेवी को स्व. देवव्रत सिंह की पत्नी बताया जा रहा है। बुधवार को पत्रकारवार्ता में विभा सिंह ने आरोप लगाया कि साल 2011 में पदमा देवी 11 करोड़ लेकर देवव्रत सिंह और उनके बच्चों से अलग हो गई थी। उनका आरोप है कि पदमा देवी ने तलाक के बाद उत्तराखंड के नैनीताल अल्मोड़ा के रहने वाले नीतिन पंथ से विवाह कर लिया। वर्तमान में वह उन्हीं के साथ दिल्ली में रहती हैं, परन्तु निजी स्वार्थ के चलते खैरागढ़ की जनता के बीच भूपेश बघेल पदमादेवी को देवव्रत की पत्नी बताकर वोट बटोरने की कोशिश कर रहे हैं। विभा का आरोप है कि देवव्रत सिंह को कांग्रेस में रहने के दौरान पूर्व सीएम द्वारा अपमानित किया गया। उन्हें कई बार बेईज्जत किया गया। अब उनके नाम का इस्तेमाल कर बघेल और पदमादेवी न सिर्फ देवव्रत की आत्मा को और उनकी भी भावनाओं को ठेस पहुंचा रहे हैं।

# सुप्रीम कोर्ट ने की छग के स्थाई न्यायाधीश के लिए राकेश मोहन के नाम की सिफारिश

## सभी पहलुओं पर विचार करने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने फैसला किया





**रायपुर,24 अप्रैल 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में स्थायी न्यायाधीश नियुक्ति अतिशीघ्र होने वाली है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाले सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने केंद्र से छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के लिए न्यायमूर्ति राकेश मोहन पांडे के नाम की सिफारिश की है। इसके अलावा अतिरिक्त न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति के लिए न्यायमूर्ति सचिन सिंह राजपूत और राधाकिशन अग्रवाल के नामों की भी सिफारिश की गई है।इससे पहले बीते साल 22 नवंबर 2023 को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के कॉलेजियम ने सर्वसम्मति से अतिरिक्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति पांडे को उच्च न्यायालय के स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने और न्यायमूर्ति राजपूत और न्यायमूर्ति अग्रवाल के वर्तमान कार्यकाल को आगे बढ़ाने के लिए सिफारिश की थी।कॉलेजियम ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के 26 अक्टूबर 2017 के संकल्प के संदर्भ में भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा गठित सुप्रीम कोर्ट के दो न्यायाधीशों की समिति ने उपरोक्त अतिरिक्त न्यायाधीशों के फैसलों का आंकलन किया। कॉलेजियम ने उपरोक्त नामों की योग्यता और उपयुक्तता का आंकलन करने के लिए रिकॉर्ड पर रखी गई सामग्री की जांच और मूल्यांकन किया।मामले के सभी पहलुओं पर विचार करने के बाद कॉलेजियम ने फैसला किया है कि न्यायमूर्ति राकेश मोहन पांडे, अतिरिक्त न्यायाधीश, स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त होने के लिए फिट और उपयुक्त हैं और न्यायमूर्ति सचिन सिंह राजपूत और न्यायमूर्ति राधाकिशन अग्रवाल उच्च न्यायालय के कॉलेजियम की सिफारिश के अनुसार नए कार्यकाल के लिए नियुक्त किए जाने के पात्र हैं।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)